आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 221, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ईरान फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन 14

वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 12


# पशुओं के कल्याण के भाव से कार्य करें : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में 576 विद्यार्थियों को प्रदान कीं उपाधियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में जो भी कार्य करें, उस समय मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना होनी चाहिए। पशु और मानव का रिश्ता परिवार का है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते। पशु हमारे जीवन का धन हैं। हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखने को लेकर चिंता व्यक्त की।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने आगाह किया कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखते हैं। यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। टेक्नोलॉजी युग तो आया, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन की उर्वरता बचाने के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि कॅरियर के रूप में आपने निरीह व बेजुबान पशुओं की चिकित्सा व कल्याण के क्षेत्र को चुना है।

हमें अपनी परंपरा और अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चााहिए। ईश्वर ने मनुष्य को सोचने-समझने की जो शक्ति दी है उसका उपयोग जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।



आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में एक छात्रा को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**136** वर्ष का हो गया भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान

**576** विभिन्न कोर्सों के विद्यार्थियों को 11वें दीक्षांत समारोह में दी गई उपाधि

**35** साल बाद दूसरी बार राष्ट्रपति के हाथों छात्रों की मिलीं उपाधि और मेडल

- **जमीन की उर्वरता के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और आमजन को सोचना चाहिए**
- **राष्ट्रपति ने कहा- हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है**

### एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक : राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों की तुलना पीड़ित के लिए भगवान से करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनने की सीख दी। कहा कि एक संवेदनशील डॉक्टर न केवल दवा, बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक करने में मदद करता है। सहानुभूतिपूर्ण देखभाल से मरीज की हालत में तेजी से सुधार होता है। चिकित्सा एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि सेवा है। राष्ट्रपति सोमवार को गोरखपुर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं।

### जीव-जंतुओं के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना आईवीआरआई : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में शोधकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान की 136 वर्षों की साधना पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। यहां के वैज्ञानिक उस मूक प्राणी की आवाज बनते हैं जिसे दुनिया सुन नहीं पाती है। आप सभी की शोध और सेवा समाज को एक नई दिशा देता है। योगी ने कहा कि आईवीआरआई न केवल पशुधन बल्कि हर जीव-जंतु के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना है। कोरोना के दौरान जब आरटी-पीसीआर जांच एक चुनौती बनी हुई थी, तब आईवीआरआई ने 2 लाख से अधिक कोविड जांच करवाई। इस संस्थान की प्रतिबद्धता यह दिखाती है कि इसकी भूमिका केवल पशु चिकित्सा तक सीमित नहीं, बल्कि वह मानव जीवन रक्षा में भी अग्रणी रही है।



एयरफोर्स के त्रिशूल एयरबेस पर राष्ट्रपति का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी।

# तेलंगाना में दवा फैक्ट्री में विस्फोट से 13 की मौत

संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी

- **संगारेड्डी जिले में हुए हादसे में 34 घायल केमिकल रिएक्शन को माना जा रहा वजह**
- **सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ विस्फोट, मौजूद थे 150 कामगार**

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया (केमिकल रिएक्शन) के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया है। पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्ट्री सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ।

कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने दमकल विभाग को सूचित किया। उन्होंने बताया कि करीब 10 अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। करीब 10 श्रमिक एक कमरे में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि श्रमिकों का विवरण रखने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।



घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, दो-दो लाख देने की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

### पहचान के लिए कुछ शवों के डीएनए मिलान की जरूरत

**हैदराबाद।** पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र में हुए विस्फोट और आग दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान के लिए आधा दर्जन शवों का डीएनए मिलान किया जाना चाहिए। पाटनचेरु के तहसीलदार ए रंगा राव ने बताया कि अभी तक केवल तीन शवों की पहचान हो पाई है तथा छह शव इतना अधिक जल चुके हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है, जबकि तीन अन्य को मलबे से निकाले जाने का इंतजार है। पहचान के लिए छह शवों के डीएनए मिलान की जरूरत है।

## एक नजर

### प्रदेश में आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों के साथ ही राज्य में आज से सभी विद्यालय खुल जाएंगे। स्कूलों में छात्र-छात्राओं का स्वागत रोली-चंदन और माला पहनाकर होगा। ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय रूप में सजाया जाएगा।

### पांच फीसदी महंगी हुई प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** वाहन के लिए सीएनजी और खाना पकाने के लिए पीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत जुलाई के लिए पांच प्रतिशत बढ़ाई गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, मासिक संशोधन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा संचालित पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.41 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 6.75 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है।

### 13 किग्रा हेरोइन, हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 13.1 किग्रा हेरोइन, पांच पिस्तौल, 12 कारतूस, तीन मैगजीन, तीन लग्जरी वाहन और 22,000 रुपये बरामद किए।

# मणिपुर में बंदूकधारियों ने चार को गोली से उड़ाया

चुराचांदपुर/इंफाल, एजेंसी

- **यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी**
- **मोंगजांग गाव के पास दोपहर में घात लगाकर किया हमला**

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 72 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे के आसपास हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से लगभग पांच किमी दूर है।

चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी (यूकेएनएलए) ने एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान थेनखोथांग हाओकिप उर्फ थापी (48), सेखोगिन (34), लेंगोउहाओ (35) और फाल्हिंग (72) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा है।

## भाजपा विधायक टी. राजा सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में रामचंदर राव की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर संभावित नियुक्ति से नाराज विधायक टी. राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को सोमवार को पत्र लिखकर कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। वर्तमान में रेड्डी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं और पार्टी आलाकमान मंगलवार को नए अध्यक्ष की घोषणा कर सकता है। सिंह ने पत्र में कहा कि राज्य में पार्टी के नए प्रमुख की नियुक्ति का निर्णय न सिर्फ उनके लिए, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं के लिए भी झटका और निराशा लेकर आया है।

# जीएसटी संग्रह 5 साल में हुआ दोगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्त वर्ष 2020-21 में था 11.37 लाख करोड़ रुपये संग्रह**
- **22.08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 1.68 लाख करोड़ रुपये और 2021-22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था।

### लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरें यथावत

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

# अमरनाथ यात्रा के लिए आज से ऑफलाइन पंजीकरण

जम्मू, एजेंसी

**यात्रा 3 जुलाई से होगी शुरू, टोकन के लिए लगी कतार**

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मंगलवार से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू होगा। इसके लिए यहां टोकन वितरण केंद्र सोमवार को चालू कर दिया गया। वहीं, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संपन्न होगी। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग तथा गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक खड़े ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मंदिर तक जा सकते हैं।

श्रद्धालुओं का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू के सरस्वती धाम में टोकन वितरण केंद्र खोला, बारिश के बावजूद पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। लंबी कतारें लग गईं। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने यहां बताया कि आज से टोकन वितरण शुरू हो गया है। सरस्वती धाम में एक टोकन केंद्र स्थापित किया गया है। टोकन लेने के बाद तीर्थयात्री मंगलवार को पंजीकरण करा सकते हैं और दो जुलाई को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं।

वहीं, पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर उच्च तकनीक वाले उपकरणों की तैनाती समेत कई उच्च स्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

### यहां कराएं पंजीकरण, रोजाना 2000 कोटा

दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि पंजीकरण मंगवार को तीन केंद्रों - वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। यह एकमात्र केंद्र है, जहां से श्रद्धालु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। एसडीएम ने कहा कि टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है और काउंटर तब तक खुले रहेंगे, जब तक कि दैनिक कोटा समाप्त नहीं हो जाता।




पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# चोरों ने बुजुर्ग की गला घोंटकर की हत्या, फरार

## थाना क्षेत्र के गांव राजे रायपुर का मामला, लाखों के जेवर ले गए, पुलिस और फारेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

संवाददाता, मिर्जापुर/परौर

- खेत पर गए ग्रामीण ने देखा बक्सा बैनामे के कागज पर बुजुर्ग का फोटो देख दी परिजनों को सूचना
- बुजुर्ग के गले में कसा था गमछा जिसे हत्यारोपियों ने रस्सी से चारपाई में बांध दिया था

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव राजे रायपुर में घर में घुसे चोरों ने सोते समय बुजुर्ग की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर चोर लाखों रुपये के जेवर और नकदी सहित सामान लेकर फरार हो गए। इसकी जानकारी गांव वालों को तब हुई जब किसान खेत में एक बक्सा खेत में पड़ा देखा। इसमें एक बैनामे पर मृतक का फोटो देखकर उसके स्वजनों को जानकारी दी। उसके परिजनों ने जब घर जाकर देखा तो बुजुर्ग के गले में गमछा कसा था और उसे रस्सी से चारपाई में कसकर बंधा था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी पवन कुमार सिंह ने बताया कि ताऊ जयवीर सिंह (64) का विवाह नहीं हुआ था। वह अपने मकान में अलग रहते थे। खाना उनके पास खाते थे। शनिवार की रात को लगभग आठ बजे वह ताऊ जयवीर सिंह को खाना देने के बाद अपने घर चला आया था। इसी बीच रात में चोरों ने ताऊ के घर में घुसकर चारपाई पर सोते समय उनके गले में गमछा व रस्सी बांध कर चारपाई से बांध दिया। इससे उनकी मौत हो गई। चोरों ने ताऊ के घर के कमरे के ताले तोड़ने के बाद कमरे के अंदर रखे बक्सों के भी ताले तोड़ दिए और घर में रखे दो सोने के हार, झुमकी एक अंगूठी, चांदी की एक जोड़ी पायजेब और पांच लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह लगभग नौ बजे गांव के ही उसके पड़ोस के ही रामकुमार अपने खेत से ककड़ी तोड़ने के लिए गये थे। तब उन्होंने मुकेश के खेत में खड़े चारे के बीच एक बक्सा पड़ा देखा। इसके आसपास सामान भी बिखरा पड़ा था। जब पास जाकर उन्होंने देखा तो एक बैनामे के कागज पर मृतक जयवीर सिंह का फोटो लगा देखकर उन्होंने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। मृतक के स्वजनों ने घर पर जाकर देखा तो जयवीर सिंह का शव चारपाई पर पड़ा था। गले में गमछा तथा रस्सी के फंदे सहित चारपाई से बंधा था। सूचना देने पर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला तथा फोरेंसिक टीम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और घटना स्थल पर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि जयवीर ब्याज पर पैसा देने का काम करते थे। उनकी शादी नहीं हुई थी। वह तीन भाई थे। मृतक अपने भतीजे पवन पुत्र चुन्नू सिंह के घर पर खाना खाता था और शाम को अपने घर पर आकर सो जाता था। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई

## एक नजर

### युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**पुवायां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मदनापुर निवासी अमरीन पुत्री हिरासत (22) ने अज्ञात कारण के चलते रविवार की रात्रि जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। हालत में सुधार न होते देख डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### मिल के वायरल में लगी आग, मची अफरा तरफरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चकभिटारा में स्थित एक राइस मिल के वायलर में आग लग गई। दो दमकल गाड़ियों ने पहुंचकर आग को बुझाया। रोजा क्षेत्र में चकभिटरा में स्थित मंसूरी राइस मिल के वायलर में सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे अचानक आग लग गई। कर्मचारियों ने अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी। अग्निशमन अधिकारी डॉ. बीएन पटेल दो दमकल गाड़ी लेकर मिल में पहुंच गए। फायर सर्विस यूनिट तत्परता से पंपिंग कार्य करके वायलर में लगी आग को बुझा लिया। उन्होंने बताया कि अधिक नुकसान नहीं हुआ है।

# बाग में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका


भगवान श्री का फाइल फोटो।

- ऊनकला गांव से सवा सौ मीटर दूर सोमवार सुबह मिला शव, मुंह से निकल रहा था खून, थे चोट के निशान
- ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने एकत्र किए साक्ष्य


रोते बिलखते मृतका के बच्चे। ● अमृत विचार

निगोही/शाहजहांपुर,

**अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव ऊनकला निवासी कृष्णपाल 10 जून को मजदूरी करने के लिए नानकमत्ता गया था। पत्नी 35 वर्षीय भगवान श्री व पांच बच्चे घर पर थे। उसका मकान नहर के किनारे बना हुआ है। रविवार की रात वह बच्चों को लेकर रात में सोने के लिए चली गई। बच्चों की चाची सोमवती कुछ दूरी पर रहती है। सोमवार सुबह आठ बजे बच्चे सोकर उठे तो देखा कि मम्मी घर पर नहीं है। भगवान श्री के बड़े बेटे नागेश ने चाची के घर पर करीब 9 बजे गया और कहा कि मम्मी पता नहीं कहा चली गई। परिवार और गांव वालों ने दिन में 11 बजे भगवान श्री की तलाश की।

उसका शव गांव से करीब सवा सौ मीटर रजाउद्दीन के बाग में पड़ा मिला। उसके मुंह से खून निकल रहा था और शरीर में कुछ जगह चोट के निशान थे। मृतका ब्लाउस और पेटीकोट पहने हुए थी। पति दोपहर बाद नानकमता से अपने घर पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और बच्चों और परिवार वालों से जानकारी की। मृतका के पति ने हत्या की आशंका जताई है। फोरेसिंक टीम ने मौके पर जाकर जांच करके नमूने लिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। निगोही पुलिस महिला के शव का पोस्टमार्टम पैनल से कराएगी। पोस्टमार्टम हाउस उसकी वीडियो ग्राफी बनायी जाएगी और स्लाइड बनायी जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### बड़े बेटे को घर के बाहर एक पायल मिली

भगवान श्री के घर के बाहर एक झोपड़ी भी पड़ी है। उसका बड़ा बेटा नागेश सोकर उठा तो देखा कि मकान का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। उसने सोचा कि मम्मी कहीं गयी हुई होगी। वह 9 बजे तक घर नहीं आई तो चाची सोमवती को बताया था। घर के बाहर एक टूटी हुई पायल पड़ी थी और एक पायल पहने हुए थे। मकान के अंदर आटा फैला हुआ था।

एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में बाग में मिला है। पोस्टमार्टम पैनल से कराया जाएगा। परिवार वालों की तरफ से तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। – **प्रयांग जैन सीओ सदर**

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Where Legal Minds & Innovation Meets
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
LAW & IPR
LAW & INTELLECTUAL PROPERTY RIGHTS
BA LLB
LLB
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

- कलान क्षेत्र के गांव मरथरा का मामला, मायके वालों ने जताई हत्या करने की आशंका

**कलान, अमृत विचार :** थाना कलान क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने हत्या की आशंका जताई है। जनपद फर्रुखाबाद के थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव गुडेरा निवासी वेदराम की बेटी नन्ही बिटिया उर्फ उर्मिला की शादी डेढ़ साल पहले कलान क्षेत्र के गांव मरथरा निवासी अवनेश से हुई थी। वेदराम का आरोप है कि एक बच्चे की मां उर्मिला के साथ उसके पति, सास और ननद परेशान और मारपीट करते थे।

सोमवार को वेदराम को सूचना मिली कि उनकी बेटी ने फंदा लगा लिया है। मौके पर पहुंचे पिता का कहना है कि उनकी बेटी फंदा नहीं लगा सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि उसे आशंका है कि ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उधर जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज के लिए किया प्रताड़ित देवर पर दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

**अमृत विचार :** थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक महिला ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लागया। बताया विरोध पर उसके साथ मारपीट की गई। पति ने सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराकर फर्जी तलाकनामा टाइप करा लिया। यही नहीं गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं।

थाना सदर बाजार क्षेत्र की महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 22 मार्च 2022 को थाना चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिंजई निवासी युवक से उसकी मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी हुई थी। पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। दहेज मिलाकर करीब 35 लाख रुपया शादी में खर्च हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ससुराली और दहेज की डिमांड करने लगे। कहा कि दहेज में एक मकान खरीदकर दिलवाओ। दहेज की मांग पूरी होने न होने पर ससुराली आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। जबरदस्ती सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए और घर से निकाल दिया। इसके बाद उन सादे कागजों पर फर्जी तलाकनामा टाइप करा लिया, जबकि वह हस्ताक्षर समझौते के लिए कराए थे। पीड़िता ने बताया कि उसे बिना तलाक दिए उसके पति ने नवंबर 2022 में एक लड़की से शादी कर ली जिससे उसकी एक पुत्री भी है। पुत्री होने के बाद पति ने उससे भी तलाक ले लिया और पुत्री को अपने पास रख लिया। इसके बाद आरोपी पीड़िता के घर आया और उसे विदा कराकर अपने घर ले गया। पीड़िता ने बताया कि 10 अप्रैल 2025 को ससुराल के सभी लोग रिश्तेदारी के कार्यक्रम में गए हुए थे, वो घर पर अकेली थी। इसी दौरान पति के भाई ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और मारपीट की। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

# दहेज हत्या में पति और ससुर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने स्वाति की मौत के मामले में दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी सुमित की शादी एक साल पहले हरदोई के थाना शाहाबाद निवासी 22 वर्षीय स्वाति के साथ हुई थी। 23 जून को सुमित पत्नी स्वाति को घर पर छोड़कर परिवार के साथ मोहल्ला अजीजगंज में रिश्तेदारी में तेरहवीं में गया था। वह रात 9 बजे घर लौटा तो स्वाति का शव कमरे में दुपट्टे से लटका हुआ मिला था। मृतका के पिता दिलीप कुमार का आरोप था कि दहेज के लिए ससुराल वाले उसकी पुत्री स्वाति को प्रताड़ित किया करते थे। उसका आरोप था कि उसकी पुत्री को ससुराल वालों ने मारकर लटका दिया था। पुलिस ने पति सुमित, ससुर बुद्धालाल, सुनील वर्मा के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने सोमवार की सुबह फरार मृतका के पति सुमित और ससुर बुद्धालाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### मोहर्रम को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**परौर, अमृत विचार :** परौर थाना परिसर में आगामी पर्व मोहर्रम को लेकर थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के चंद लोग ही पहुंचे, जो थाने के आस पड़ोस ही रहते थे। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों व धर्मगुरुओं को सूचना तक नहीं दी गई। जब सूचना ही नहीं तो कैसे पहुंचते क्षेत्रीय लोग व धर्मगुरु। इससे पहले भी पत्रकारों को कोई सूचना नहीं दी जाती है और तो और परौर पुलिस क्षेत्रीय पत्रकारों को भी सूचना देना उचित नहीं समझती है। जबकि परौर पुलिस व पत्रकारों के व्हाट्सएप ग्रुप भी चल रहे हैं, लेकिन फिर भी न कोई फोन न कोई मैसेज द्वारा पत्रकारों को पीस कमेटी की मीटिंग की सूचना दी जाती है।

### लोगों से ट्रैफिक नियमों का करने की अपील

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** यातायात निरीक्षक विनय पांडेय ने डिलीवरी कर्मियों से अनुरोध किया है कि जनपद में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में खुद को सुरक्षित रखने के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और मोबाइल पर बात करते हुए बाइक न चलाए। ओवर स्पीडिंग, ट्रिपल राइडिंग, स्टंट न करें और न ही करने वालों को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाए, ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करें।

### फरार चल रहे वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खुदागंज, अमृत विचार :** थाना के उप निरीक्षक शिव मोहन ने बताया कि 21 जून को पहाड़ीपुर गांव के झंकार सिंह पर आरोपियों ने ट्रैक्टर ओर ट्राली से दबाकर मारने का प्रयास किया था। उसे घायल अवस्था में बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी जगवीर निवासी पहाड़ीपुर बिबिया थाना खुदागंज को ट्रैक्टर समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### परामर्श केंद्र पर तीन दंपती का कराया समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में स्थित महिला परामर्श केंद्र पर 13 पत्रावली की सुनवाई की गई। इसमें तीन दंपती का समझौता हुआ। कांट थाना क्षेत्र के एक दंपती की शादी को कई साल हो गए थे। दोनों में कुछ समय से विवाद चल रहा था। पत्नी का आरोप था कि शराब पीकर उसका पति मारता पीटता था। वह दो माह से मायके में रह रही थी। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया और दोनों पक्ष एक-दूसर के साथ रहने को राजी हो गए और समझौता कर लिया। इसी थाना क्षेत्र के एक दंपती की शादी को 10 साल हो चुके थे। महिला ने छोटी सी बात को लेकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जाता था। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया और दोनों पक्षों में समझौता हो गया। कांट थाना क्षेत्र के ही एक दंपती जिनकी शादी को 8 साल हो चुके है। दोनों पक्षों किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। इस अवसर पर प्रभारी मधु यादव, महिला हेड कांस्टेबिल पूनम मिश्रा, सिपाही मोनिका रानी, पिंकी आदि थे।

# किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** हरदोई के शाहाबाद थाना क्षेत्र के गांव टामेपुर निवासी देशराज की पत्नी ममता की मौत हो चुकी है। उसकी ससुराल मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव पापर मझारा में है। उसकी 17 वर्षीय पुत्री रोली काफी समय से अपनी ननिहाल में नाना मदनपाल के पास रह रही थी। रविवार को उसने एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को उताकर पोस्टमार्टम कराया। परिवार वालों ने बताया कि तीन-चार दिन से गुमसुम रहती थी और लोगों से ज्यादा बात नहीं करती थी।

# बरसात में ढहा कच्चा मकान

**बंडा, अमृत विचार :** बंडा के गांव देवकली निवासी गुड्डू शुक्ला अपनी पत्नी कुसुमा और 22 वर्षीय पुत्र प्रियांशु के साथ टीन शेड डालकर रहता है उसके मकान के आगे कच्ची मिट्टी से मकान का आगे का हिस्सा बना हुआ था। भारी बरसात के चलते दोपहर करीब 12 बजे उसकी दीवारें भरभराकर ढहने लगीं जिस पर उसमें बंधी गाय और उसका बछड़ा भागकर बाहर चले गए जिस पर दोनों की जान बच गई। उसी के नीचे घर की रसोई थी जिसके नीचे उसकी पत्नी खाना बनाया करती थी। दीवारें ढह जाने से उसमें पड़ा एक तख्त टूट गया। राजस्व विभाग से न्याय की गुहार लगाई है।

आयुष के संग, स्वस्थ जीवन



महायोगी गुरु गोरक्षनाथ की पावन नगरी गोरखपुर में
महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
(₹268 करोड़ की लागत, 52 एकड़ में विस्तृत)
का
लोकार्पण
द्वारा
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति





गरिमामयी उपस्थिति
श्रीमती आनंदीबेन पटेल — माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | योगी आदित्यनाथ — माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' — माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एम.ओ.एस.), उत्तर प्रदेश
श्री रवि किशन शुक्ल — मा. सांसद, गोरखपुर | श्रीमती साधना सिंह — मा. अध्यक्ष, जिला पंचायत, गोरखपुर | डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव — मा. महापौर, गोरखपुर | श्री फतेह बहादुर सिंह — मा. विधायक, कैम्पियरगंज | श्री महेन्द्र पाल सिंह — मा. विधायक, पिपराइच
श्री विपिन सिंह — मा. विधायक, गोरखपुर ग्रामीण | श्री श्रीराम चौहान — मा. विधायक, खजनी | श्री राजेश त्रिपाठी — मा. विधायक, चिल्लूपार | श्री प्रदीप शुक्ल — मा. विधायक, सहजनवा | डॉ. विमलेश पासवान — मा. विधायक, बांसगांव | इंजी. सरवन कुमार निषाद — मा. विधायक, चौरी-चौरा
डॉ. धर्मेन्द्र सिंह — मा. सदस्य, विधान परिषद | श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह — मा. सदस्य, विधान परिषद | श्री सी. पी. चन्द — मा. सदस्य, विधान परिषद
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
दिनांक : 1 जुलाई, 2025 | समय : पूर्वाह्न 11:30 बजे | स्थान : महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय परिसर, गोरखपुर
आयुष विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषताएं
आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवं नेचुरोपैथी, सिद्धा तथा सोवा-रिग्पा में उपचार | विश्वविद्यालय से 98 आयुष कॉलेज संबद्ध
ओपीडी में प्रतिदिन 250-300 मरीजों का उपचार | 10 नए पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी | औषधि निर्माणशाला की औषधियों का मरीजों को लाभ
काम दमदार-डबल इंजन सरकार
लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# एयरटेल ने बिना समन्वय कराई खोदाई, एफआईआर के आदेश

## निरीक्षण के दौरान केरूगंज चौराहे पर डीएम ने पकड़ा मामला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



निरीक्षण करते जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को वर्षा ऋतु की तैयारी के तहत नगर क्षेत्र के प्रमुख नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने देखा कि मोबाइल कंपनी एयरटेल ने केरूगंज चौराहे पर बिना समन्वय के खोदाई कराई है। इस पर डीएम ने एयरटेल के प्रतिनिधि, ठेकेदार और कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कराने को कहा। उन्होंने मामले में लोक निर्माण विभाग के जेई और एई की भूमिका भी संतोषजनक नहीं पाई। जांच कर निलंबित करने के निर्देश दिए। जलभराव और जल निकासी की समस्याओं को लेकर डीएम ने नगर आयुक्त को सभी प्रमुख नालों की तत्काल सफाई कराने और उन पर सीसी रोड निर्माण सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

लोधीपुर से चमकनी तक जाने वाले नाले की खराब स्थिति पर विशेष संज्ञान लेते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि इस नाले को कवर करके उस पर मजबूत सीसी रोड बनाई जाए, ताकि बारिश के मौसम में आवागमन में कोई बाधा न आए। इसके अलावा, फायर ब्रिगेड के पास स्थित नाले और अन्टा चौराहा से ब्रिज बिहार कॉलोनी को जोड़ने वाले नाले की सफाई और सड़क निर्माण के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान केरूगंज चौराहे पर एयरटेल द्वारा बिना पूर्व अनुमति और समन्वय के की गई खुदाई को लेकर डीएम ने गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को एयरटेल के प्रतिनिधि, ठेकेदार और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता और सहायक अभियंता की भूमिका की जांच कर निलंबित करने का आदेश भी जारी किया।

### लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

डीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि बरसात में जलभराव, ट्रैफिक जाम और आवागमन की बाधा जैसी समस्याओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी, संस्था या ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क और नाली निर्माण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**जलालाबाद, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुनारा के ग्रामीण युवकों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति और नाली निर्माण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद सलीम खान को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बालकृष्ण मंदिर से लेकर मुन्ना कुरैशी के मकान तक की सड़क और नाली निर्माण कराया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की हालत बेहद खराब है, गली में जलभराव रहता है और नाली न होने के कारण पानी का निकास संभव नहीं हो पा रहा। इससे राहगीरों, खासकर स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि पानी निकासी के लिए तालाब तक नाली बनाई जाए और सड़क पर आरसीसी की ईंटें बिछाई जाएं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि तालाबों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे सड़क का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा। उन्होंने प्रशासन से अवैध कब्जे हटवाने की भी मांग की। एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। रंजीत श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, विनय शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, मोहित श्रीवास्तव, दयाशंकर आदि रहे।

# जननायक एक्सप्रेस में नेपाल के यात्री का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• दरभंगा से पंजाब जा रहा था बेटा और बहू थे दूसरे कोच में

**अमृत विचार :** जननायक एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक नेपाल का यात्री बेहोशी की हालत में मिला था। कंट्रोल के आदेश पर जीआरपी और आरपीएफ ने उसे जनरल कोच से नीचे उतारा। रेलवे के डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रेन में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक का बेटा और बहू दूसरे कोच में सफर कर रहे थे।

नेपाल के जिला परसा के गाव विसुआ निवासी 52 वर्षीय हरेन्द्र राम सोमवार की दोपहर जननायक एक्सप्रेस से दरभंगा से अमृतसर जा रहा था। वह जनरल कोच में सवार था। वह गैलरी में शौचालय के पास पड़ा था। यात्रियों ने ट्रेन में चलने वाले स्कोर्ट को सूचना दी। कंट्रोल के आदेश पर जननायक एक्सप्रेस को रोजा रेलवे स्टेशन पर दिन में साढ़े 12 बजे रोकी गयी। आरपीएफ और जीआरपी ने उसे कोच से नीचे निकाला। रेलवे के डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका बेटा मुकेश और पुत्र वधू श्रीपति देवी दूसरे कोच में थे। उसने पिता के रुप में शव की शिनाख्त की। उसने बताया कि वह अपने पिता के साथ नरकटिया गंज स्टेशन तक आया था। उसके पिता ने कहा कि उसकी तबीयत खराब है और नरकटिया गंज स्टेशन से नेपाल वापस चले जाएंगे। वह ट्रेन से उतरकर दूसरी बोगी में सवार हो गए थे। यात्रियों ने बताया कि मैगलगंज स्टेशन के पीछे तक जिन्दा थे। उसके बाद उनकी शायद मौत हो गयी है। ट्रेन दस मिनट तक रोजा स्टेशन पर खड़ी रही। इंस्पेक्टर ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी करने को सीएम ने दी स्वीकृति

संवाददाता, जलालाबाद



भगवान परशुराम के दर्शन करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद। • अमृत विचार

• अब केंद्र सरकार से मांगी गई अनुमति, चल रही प्रक्रिया

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्म भूमि प्रबंधन समिति एवं नगर के विभिन्न संगठनों की वर्षों पुरानी मांग के अनुसार जलालाबाद नगर का नाम बदलकर भगवान परशुरामपुरी किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

4 सितंबर 2023 को नगर पालिका परिषद की बैठक में अध्यक्ष शकील अहमद खां ने यह प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा गया था। केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया गया। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से भी इस नाम परिवर्तन को स्वीकृति देते हुए केंद्र सरकार से औपचारिक अनुमति मांगी गई है। केंद्र सरकार से अनुमति मिलते ही जलालाबाद का नाम बदल दिया जाएगा। संभव है कि जल्द ही जलालाबाद को परशुरामपुरी के नाम से जाना जाए। बता दें कि जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। यहां पर भगवान परशुराम का प्राचीन मंदिर भी है। इसे देखते हुए लंबे समय से जलालाबाद का नाम बदलने की मांग की जा रही है, जो अब पूरी होती दिखाई दे रही है।

# ददरौल में 101 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

संवाददाता, रौसर कोठी



वर-वधू को आशीर्वाद देते कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खंड ददरौल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 101 जोड़े एक-दूसरे के साथ वैवाहिक बंधन में बंधे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ददरौल के विधायक अरविन्द सिंह रहे।

समारोह को ददरौल ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर दयाल वर्मा, मदनापुर ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, और भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस शुभ अवसर पर कांट ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, भावलखेड़ा ब्लॉक प्रमुख राजाराम, परियोजना निदेशक अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, ददरौल खंड विकास अधिकारी अमित सिंह, मदनापुर खंड विकास अधिकारी डॉ. इन्द्र कुमार शुक्ला, अनिल सिंह और आलोक वर्मा सहित अनेक गणमान्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर ज़िला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने सभी अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सादगी और सामूहिकता की एक मिसाल के रूप में याद किया जाएगा।

# सवारियां बैठने को लेकर भिंड़े टेंपो चालक, हंगामा

**कलान, अमृत विचार :** सोमवार करीब 11 बजे स्टेट हाईवे मुरादाबाद थाना रोड के सामने दो टेंपो वाले सवारियों को बैठने के को लेकर भिंड गए। लोगों ने जाम लगने की स्थिति के बाद उनका झगड़ा फसाद खत्म कराया और वह गंतव्य को रवाना हो गए। क्योंकि सबसे काम की समस्या ब्लॉक रोड थाना रोड के सामने मुरादाबाद फर्रुखाबाद पर होती रहती है। क्योंकि यहां पर हाईवे के किनारे सब्जी की दुकान व फलचार पकौड़ी आदि की दुकान स्टेट हाईवे के किनारे पटरी पर लगती हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

# संस्कार विहीन शिक्षा सामाजिक समरसता के लिए घातक

• शिक्षक संघ पदाधिकारियों के चिंतन शिविर में जताई चिंता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शाहजहांपुर इकाई की ओर से सोमवार को डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित चिंतन शिविर में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर गंभीर मंथन किया गया।

शिविर में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों से कट चुकी शिक्षा प्रणाली न केवल विद्यार्थियों को दिशाहीन बना रही है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर कर रही है। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि संस्कारविहीन शिक्षा युवा पीढ़ी में नैतिक पतन का कारण बन रही है। अगर समय रहते व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ तो इसका दूरगामी दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतना पड़ेगा। शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह पटेल ने कहा शिक्षकों पर शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ सरकारी प्रचार योजनाओं का दोहरा दबाव है। इससे शिक्षा अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप को भी एक बड़ी चुनौती बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने की एवं संचालन अनिल मालवीय ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रवक्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी, संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व महामंत्री श्रीकांत द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चिंतन शिविर में डॉ. सरिता गुप्ता, संजय कपूर, फूल मियां, राजीव सक्सेना, कमलेश कुमार, अमीर सिंह, मंजरी यादव सहित अनेक शिक्षक संघ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### ललिता अध्यक्ष और गुरमीत चुनी गईं सचिव



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्वव्यापी संस्था इंटरनेशनल मंडल लाइंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति के स्थापना दिवस के 10 साल पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष 2025-26 के लिए नई टीम का चुनाव हुआ जिसमें ललिता यादव अध्यक्ष, गुरमीत कौर सचिव और प्रियंका बियानी कोषाध्यक्ष के रूप में चुनी गईं। ललिता यादव ने कार्यभार संभालते हुए सबसे पहले क्लब के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें सभी को एक पौधा देकर शपथ दिलाई कि हम सब अपने घर या जहां पर जरूरत है वहां पर पौधे जरूर लगाएंगे। उन्होंने बताया कि जुलाई में क्लब वृक्षारोपण कराएगा। बैठक में चार्टर प्रेसिडेंट गुरजीत कौर का सहयोग रहा और क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्वच्छता शुल्क की रसीद कटवाने वाले हुए सम्मानित



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एडीएम वित्त एवं प्रभारी डीपीआरओ अरविंद कुमार ने तिलहर के सरेली में सचिवों के साथ बैठक की। इसके बाद आरआरसी सेंटर का निरीक्षण कर ग्रामवासियों को जागरूक किया। साथ ही दर्जनों लोगों ने 50-50 रुपये की रशीद भी कटवाई। जो लोग लगातार दो माह यह धनराशि कटवा रहे है उन्हें दो बाल्टी दी गई। एडीएम वित्त ने जानकारी की तो पता चला गांव में बन रही फैमिली आईडी में 100 के सापेक्ष 40 आईडी बन पाई है। पंचायत सहायक को शीघ्र बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। साफ सफाई अच्छी मिलने पर केयर टेकर पुष्पा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ग्रामीणों में राजवीर, राजपाल, कडेर, मीना को भी स्वच्छता शुल्क रसीद कटवाने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान सचिव, प्रधान, जिला समन्वयक, खंड प्रेरक आदि मौजूद रहे।

### छात्र मुफ्त कर सकेंगे नीट-जेईई की तैयारी: डॉ. स्वप्निल



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संकल्प भारत शोध न्यास ने घोषणा की है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी छात्रों के लिए मुफ्त नीट और जेईई की कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा। इस योजना का उद्देश्य ऐसे होनहार छात्रों को आगे लाना है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। न्यास के संस्थापक डा. स्वप्निल यादव ने बताया कि अभियान को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष काजल यादव, उपाध्यक्ष अनुज जौहरी, उपाध्यक्ष अनुराग यादव, सचिव ललित हरि मिश्रा, उपसचिव अपूर्व मिश्रा, सहसचिव अमिता राज, कॉर्डिनेटर इल्मा खान और जाहिद हुसैन जैसे समर्पित युवाओं का विशेष योगदान रहेगा। बताया कोचिंग कक्षाएं अनुभवी और विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा संचालित की जाएंगी। पंजीकरण प्रक्रिया और परीक्षा तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इच्छुक छात्र स्थानीय स्तर पर निर्धारित केंद्रों या ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

### गिरवी रोटावेटर को छुड़ाने गए युवक के साथ मारपीट

**कलान, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव कुदरासी निवासी शाहिद ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपना रोटावेटर 3 जनवरी 2025 को 35 हजार रुपये में गिरवी रखा था। 30 जून को वह रुपए लेकर दुकान पर रोटावेटर छोड़ने गया था तो उसे बताया गया कि उनका रोटावेटर बेच दिया है। जब शाहिद ने कहा कि गिरवी वाली चीज आपने कैसे बेच दी। इसी बात पर आरोपियों ने उसको पकड़ लिया और सिर में लोहे के जनरेटर का हत्था मार दिया। इससे वह वहीं जमीन पर गिर गया। शाहिद ने बताया कि उसके 41 हजार रुपये भी छीन लिए। उसका मोबाइल भी फोड़ दिया और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसके सिर व शरीर में जगह-जगह चोटें आईं है। उसने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### कोटेदार को धारदार हथियार से घायल करने का आरोप

**कलान, अमृत विचार :** थाना परौर के गांव बम्हनी चौकी निवासी मुनेंद्र गांव का कोटेदार है और समूह का सचिव भी है। वह राशन की दुकान पर गया और देखा कि राशन की दुकान से 15 क्विंटल गेहूं कांटा अन्य दस्तावेज गायब थे। अध्यक्ष से पूछा कि यह सामान कहां चला गया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने कोटेदार पर धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने थाने पर समूह के अध्यक्ष, राशन की दुकान में साझेदार समेत तीन लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने कोटेदार का चिकित्सीय परीक्षण के लिए तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान पर भेजा है, जहां से उसकी गंभीर हालात को देखते हुए बदायूं जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कोटेदार के परिजनों ने बताया कि कोटेदार में अपनी दुकान का निर्माण करा लिया है और अध्यक्ष की दुकान खाली करना चाह रहा है रंजिश की वजह मुख्य रूप से यही बताई जा रही है।

### अल्हागंज सहित कई ग्रामीण इलाकों में हुई बारिश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में सोमवार को मौसम ने करवट बदल ली। एक दिन से छाए बादल खूब बरसे। शहर में सुबह से बारिश होने से तापमान लुढ़क गया है, साथ ही अल्हागंज, खुदागंज समेत कई ग्रामीण इलाकों में बारिश हुई है। नगर में बारिश होने से कई स्थानों पर जलभराव की समस्या हो गई। लोगों को निकलने में काफी दिक्कत हुई। रोडवेज बस अड्डा, लाल इमली चौराहा, सदर बाजार, अंटा चौराहा समेत कई जगह पर जलभराव हो गया। उधर, अहमदपुर रेती में पानी की लीकेज होने से पानी का बहाव सड़क पर होने लगा और पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### मां जालिपा देवी और भैरों बाबा मंदिर पर चढ़ाया प्रसाद



**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** कस्बे से थोड़ी दूर लखनऊ पलिया नेशनल हाईवे पर पड़ने वाले गांव कुतुआपुर में ऊंचे टीले पर स्थित मां जालिपा देवी, भैरों बाबा मंदिर पर लगने वाले मेले में करीब डेढ़ लाख लोगों ने प्रसाद चढ़ाने के बाद लगी दुकानों पर जमकर खरीदारी भी की। विगत वर्षों की भांति क्षेत्रीय विधायक ने मंदिर पर पहुंचकर देवी मां जालिपा देवी को प्रसाद चढ़ाने के बाद थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने के मेले में घूम कर दुकानदारों से किसी भी प्रकार से उत्पीड़ित करने वाले के बारे में पूछतांछ भी की।

### डीलर कंपनी-रिटेलर डीलर से टैगिंग मैटेरियल न लें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के मुख्य जनपद में प्रतिबन्धित कर दी गई है। कोई भी कम्पनी मुख्य उर्वरकों के अतिरिक्त अन्य उत्पादों की आपूर्ति किसी भी थोक उर्वरक विक्रेता को नहीं करेगा और न ही थोक उर्वरक विक्रेता अपने खुदरा उर्वरक विक्रेता की मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की आपूर्ति करेगा। किसी खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा किसी कंपनी के अन्य उत्पाद कृषक को बिक्री किया गया तो यह माना जाएगा कि उर्वरक विनिर्माता कम्पनी, थोक उर्वरक विक्रेता एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं द्वारा आदेशों का पालन नहीं किया गया है और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि खुदरा उर्वरक विक्रेता कृषकों को उर्वरक निर्धारित दर पर ही उर्वरकों का विक्रय करे।

राष्ट्रीय विशेष **चिकित्सक दिवस**

● ADVT

**सेहत की गाइड:** अमृत विचार ने विशेषज्ञों से जाने वो सूत्र जो रखेंगे आपको सेहतमंद, बीमारियों से रखेंगे दूर।

# "अच्छी सेहत के सुनहरे सूत्र"

स्वस्थ शरीर ही हमारा सर्वस्व है, जिसको एक बीमार व्यक्ति ही देख सकता है। असलियत में शरीर को स्वस्थ रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए, क्योंकि शरीर है तो सारे सुख हैं। सभी कुछ तो आपके फिटनेस से जुड़ा हुआ है। यदि शरीर ही स्वस्थ न रहा तो सब कुछ होते हुए भी हम अधूरे से ही रहते हैं। ये शरीर सब कर्मों का माध्यम है, अपनी दिनचर्या पर बड़ी बारीकी से ध्यान देना चाहिए कि हमारा खान-पान कैसा है, कहीं ऐसा तो नहीं जो हम खा रहे हों उसी के कारण शरीर बीमार हो रहा हो। कब खाना है, कितना खाना है, क्या खाना और कब नहीं खाना है इन सभी बातों की हमें जानकारी होनी चाहिए। अपनी नींद पर भी हमें ध्यान देना चाहिए कि हमारी नींद ठीक है, या नहीं। यदि नींद ठीक नहीं तो भी शरीर बीमार हो सकता है। हमारी दिनचर्या हमेशा व्यवस्थित रहनी चाहिए।

## चिकित्सा जगत के विभागों के विशेषज्ञ

manasi ivf

- उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था
- निसंतान का इलाज, पुरूष सम्बंधी जाँच व परामर्श
- दूरबीन द्वारा गर्भ गांठ निकालने की सर्जरी
- दूरबीन द्वारा ट्यूब खोलने या बन्द करने की सर्जरी
- Ultrasonography (TVS/TAS) की सुविधा
- Hysterosalpingography (ट्यूब की जांच) की सुविधा उपलब्ध
- PCOD, Thyroid इत्यादि समस्याओं का इलाज
- मासिक धर्म संबंधी सभी समस्याओं का इलाज
- (Ovulation Induction/IUI/IVF) Test Tube Baby Treatment

MBBS, MS, Obst. & Gynae
Fellowship in ART (Infertility)
& Laparoscopic Surgeon

27+ वर्षों का अनुभव | 10000+ सफल IVF केस | हज़ारों परिवारों का भरोसा | अत्याधुनिक लैब सुविधाएं

**टेस्ट ट्यूब बेबी के परामर्श हेतु मिलें**

35-7A, Rampur Garden, Opp. Prabha Talkies
Civil Lines, Bareilly
Mob : 0581-4503362, 7455002852
website : www.ivfmanasi.com





### मधुमेह अक्सर हल्के लक्षणों से होता है शुरू

मधुमेह अक्सर हल्के लक्षणों से शुरू होता है जैसे बहुत भूख और थकान महसूस करना, बार-बार पेशाब करने की ज़रूरत, बहुत प्यास लगना, मुंह सूखना, त्वचा में खुजली और धुंधली दृष्टि। टाइप 1 मधुमेह के लक्षण जल्दी दिखाई देते हैं और अधिक गंभीर होते हैं, जबकि टाइप 2 के लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं।

**शुगर, बीपी, व गम्भीर इलाज रोगों के परामर्श हेतु मिलें -**

**एस.आर. क्रिटिकल केयर**
मल्टी केयर एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
बीसलपुर रोड, बरेली। मो. 7895868938



**डॉ. रतन पाल सिंह**
MBBS, MD, DLO, CTLS, FCCS
Critical Care Physician



**डा. सतेंद्र शर्मा**
MD, (AY)
बवासीर एवं भगन्दर रोग विशेषज्ञ

### यह बवासीर के शुरुआती लक्षण लापरवाही न बरतें

बवासीर के शुरुआती लक्षणों में गुदा मार्ग से खून आना, कब्ज रहना आदि होते हैं। एनल फिशर में सख्त मल आने से गुदा मार्ग में तीव्र पीड़ा व जलन होती है। भगंदर रोग में गुदा मार्ग के पास मवाद आता है। इन सभी परेशानियों से बचने के लिए फास्ट फूड और स्पाइसी फूड बंद कर देना चाहिए। बवासीर में सबसे ज्यादा परेशानी अनियमित खानपान से होती है।

**बवासीर और भगंदर के परामर्श हेतु मिलें-**

**श्रद्धा केयर हासिपटल**
मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली
कॉल- 9758287825

### गुर्दे में पथरी होने पर लापरवाही न बरतें

गुर्दे की पथरी (किडनी स्टोन) में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। यदि आपको गुर्दे की पथरी है, तो डॉक्टर से सलाह लें और उचित उपचार करवाएं। गुर्दे की पथरी को नजर अंदाज करने से गंभीर समस्याएं हो सकती है, जैसे कि किडनी को नुकसान पहुंचना या संक्रमण होने पर सर्जरी जरूरी हो जाती है इससे बचने के लिए अपने डॉक्टर से सलाह लें।

**गुर्दा एवं मूत्र रोगों के परामर्श हेतु मिलें।**

**डॉ. एम. खान हॉस्पिटल**
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



**डॉ. हारिस अंसारी**
M.S., M.Ch. (Urology)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन



**डॉ. पुलकित अग्रवाल**
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
नाक, कान, गला, थॉयराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ

### बहरापन में लापरवाही पड़ सकती है भारी

कम सुनाई देने पर की गई लापरवाही धीरे-धीरे आपको बहरा बना सकती है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में 7 करोड़ से अधिक लोग बहरेपन से ग्रसित हैं, बड़ी उम्र के लोग जिन्हें सुनाई की क्षति होती है, उनकी दिमाग की गतिविधियां भी कमजोर होने लगती है। इसलिए जैसे ही आप की सुनाई क्षमता में कमी होती है, तुरंत नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।

बरेली के ओम शांति हॉस्पिटल में दिल्ली से सीधी जाँच विश्व की पहली रिमोट ऑडियोमेट्री मशीन द्वारा।

**नाक कान व गला रोगों के परामर्श, जांच व इलाज हेतु संपर्क करें-**

**ओम शान्ति हॉस्पिटल**
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, कालीबाड़ी बरेली
मो. 7500692860

### अपनी पसंद के अनुसार जीवन जिएं

रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) आपको स्वस्थ प्राकृतिक दांतों के सबसे करीब ले जा सकता है। वे आपको अपनी पसंद के अनुसार जीने की अनुमति देते हैं। आत्म विश्वास से खाना, मुस्कुराना, हंसना, बात करना और अपने दांतों की चिंता किए बिना अपनी सभी दैनिक गतिविधियों का आनंद लेना। आप रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) के माध्यम से सिंगल, मल्टीपल या पूरे डेन्चर को फिक्स्ड दांतों से बदल सकते हैं।

**दांत संबंधी रोगों के परामर्श हेतु मिलें-**

**डॉ. डी.के. सिंह** BDS(MIDA) P.G.C.C.P.G.F. (Endo.)
**SUNIEL DENTALS** Apollo Hospital Delhi
मेन डोरा रोड, बादाम सिंह मार्केट, नियर रूद्राक्ष अपार्टमेन्ट, बरेली।
मो. 8923678643



**डॉ. सारिका सिंह**
B.Sc. B.D.S., P.G.C.C.
Consultant Dental Surgeon
(Cosmetic Dentistry & Endo.) MIDA



**डॉ. काजल गुप्ता**
B.V. Sc. & A.H. (Gold Medalist)
PGDAW
Skin Care Specialist

### कहीं पार्वो वायरस की चपेट में तो नहीं आपका पैट

मौसम बदलने से पालतू कुत्ते पार्वो वायरस की चपेट में आ रहे हैं। इस बीमारी से कुत्तों की आंत में संक्रमण हो रहा है। बड़े जानवरों को इस वायरस से कोई खतरा नहीं, लेकिन छोटे जानवरों के लिए यह वायरस गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। पार्वो वायरस कुत्ते की आंत में अवरोध पैदा करता है। इससे आंतों में संक्रमण हो जाता है। जिस कारण कुत्ते को खूनी उल्टी-दस्त होने लगते हैं। अगर, यह लक्षण आपको अपने पालतू जानवर में दिखाई देते हैं तो तुरंत परामर्श लें।

**जानवरों की बीमारी के परामर्श हेतु संपर्क करें-**

**के.के. वैट्स**
85, ई/2, आनन्द आश्रम रोड, विकास भवन के सामने,
रामपुर गार्डन, बरेली। मो. 8979656378, 0581-4504317

### स्वस्थ आहार लें

स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। चिकित्सकों की सलाह है कि एक दिन में कम से कम तीन सेहतमंद और पौष्टिक भोजन खाएं। रात के खाने को हल्का रखने की कोशिश करें। आपकी डाइट में खासतौर से फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए। बता दें कि एक अच्छी बैलेंस्ड डाइट आपको बढ़िया पोषण देगी।

### अच्छी नींद लें

खुद को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी नींद लेना जरूरी है। कई अध्ययनों में भी यह बात साबित हुई है कि नींद की कमी मोटापे और हृदय रोग सहित कई बीमारियों का कारण है। इसलिए सभी उम्र के लोगों को मानसिक थकान को दूर करने के लिए अच्छी नींद लेनी चाहिए।

### तनाव से दूर रहें

तनाव आपके कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। हर दिन तनाव में रहने से न केवल वजन बढ़ेगा, बल्कि बीमारियां भी हो सकती हैं। हालांकि, तनाव को काबू में लाना हर किसी के बस की बात नहीं है, लेकिन उन वजहों से खुद को कितना कम परेशान करना है, ये आप पर निर्भर करता है। नियमित एक्सरसाइज करें।

### मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें

जीवन की जरूरतों को पूरा करने के चक्कर में हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को भूल ही जाते हैं। लेकिन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना बहुत जरूरी है। ये नहीं भूलना चाहिए कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य ही हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य की नींव है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा और ध्यान अच्छा विकल्प है। इसके अलवा कुछ अच्छे कामों में खुद को शामिल करें और खुश रहें।

### बच्चों में पानी का महत्व

हमारे शरीर में 70 फीसदी पानी होता है। पानी के चार महत्वपूर्ण कार्य हैं। 1- पोषक तत्व को एक ऑर्गन से दूसरे ऑर्गन में पहुंचाना, 2- शरीर के तापमान को मेंटेन रखना, 3- अपशिष्ट पदार्श को बाहर निकालना, 4- इम्यून सिस्टम को सही रखना। बच्चे को अगर बार-बार प्यास लग रही है, पेशाब कम आ रही है। बच्चा सुस्त है, पेशाब का रंग गाढ़ा पीला है तो यह दर्शाता है कि बच्चे में पानी की कमी है। पानी की कमी से लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।

**बच्चों की बीमारी के परामर्श हेतु संपर्क करें-**

**थाना रोड, मीरगंज (बरेली)**
मो. 9837317807



**डॉ. हनीफ अंसारी**
बाल रोग विशेषज्ञ



**डॉ. मिनहाज अली**
M.D.
जनरल फिजिशियन

### तेज बुखार ज्यादा टिके तो सावधान...

बदलते मौसम के साथ ही बीमारियों और संक्रमण खतरा भी बढ़ जाता है। देशभर में इस समय मौसमी फ्लू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मानसून के मौसम की वजह से संक्रमण, वायरल और कंजेक्टिवाइटिस तेजी से फैल रहे हैं। लगातार होती बारिश ने कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात बना दिए हैं, जिससे इन मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

**बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-**

**प्राइम हॉस्पिटल**
PRIME HOSPITAL
बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मो. 9758044442

### आंख, नाक, कान में दिक्कत हो तो सावधान....

नाक, कान, गला-शरीर के ये तीन अंग जो सुनने, सांस लेने, बोलने और शरीर में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अक्सर संक्रमण, सूजन या चोट के कारण प्रभावित होते हैं। बैक्टीरिया या वायरस के कारण होने वाले संक्रमण जैसे कि सर्दी, फ्लू या साइनस संक्रमण से नाक, कान गौर गले में सूजन और दर्द हो सकता है। यदि आपको कोई भी लक्षण महसूस हो रहे हैं जो गंभीर हैं या लंबे समय तक बने रहते हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेना महत्वपूर्ण है।

**बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-**

**मुदित ई.एन.टी.क्लीनिक**
पंजाब नेशनल बैंक के सामने, मैक्नेयर रोड, प्रेमनगर, बरेली
11:00 AM-01:00 PM, 06:00-09:00 PM रविवार केवल



**डॉ. मुदित मिश्रा**
M.S. (सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली)
DNB, MRCS (LONDON)
नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## गर्भवती महिला को घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने गर्भवती महिला से मारपीट की। महिला के पेट में चोट लग गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव शेखूपुर निवासी गुलशन ने तहरीर देकर बताया कि उनके पति आमिर ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। 28 जून को वह ई-रिक्शा लेकर गए थे। शहर के मोहल्ला कबूलपुर निवासी समीर, अनस, सोनी उनके घर में घुस आए।

उस दौरान वह घर पर अकेली थीं। उन्होंने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला चिल्लाई तो मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# सुबह से बूंदाबांदी, किसानों ने खेत पर तेज किया काम

## सोमवार सुबह से ही बारिश से गिर गया तापमान, खेतों पर पहुंचे किसान, धान पौध की रोपाई तेज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो दिन से आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। सोमवार को सुबह से बूंदा बांदी शुरू हो गयी। कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुयी है जिससे खेतों में पानी भर गया है और किसानों ने धान की पौध की रोपाई शुरू कर दी हैद्ध बारिश होते ही किसानों ने खेतों की जुताई भी शुरू कर दी है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

पिछले कई दिनो से मौसम पल पल बदल रहा था। कभी गर्मी तो कभी आसमान में बादल छा गए। तेज गर्मी से उमस बढ़ने लगी थी। गर्मी के चलते महिला बच्चों की स्थिति बद से बदतर हो रही थी। रविवार सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हुयी। कुछ स्थानों पर तेज बारिश हुयीं। रात को भी बूंदाबांदी जारी रही। सोमवार सुबह से काले बादल छाए रहे। लोग आसमान की ओर ताकते रहे। कुछ देर तक हल्की बारिश हुयी। लेकिन दोपहर को कुछ स्थानों पर बारिश ने तापमान गिरा लुढ़का दिया जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिली है। बारिश का पानी कई जगह सड़कों पर भर गया है।



बारिश के बाद मौके पर सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

जिले में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई है। हालांकि बारिश हर जगह हुई है। जहां तेज बारिश हुई है वहां खेतों में पानी भर गया है। किसानों ने धान की पौध की रोपाई शुरू कर दी है। किसान बारिश का इंतजार कर रहे थे। बारिश होते ही काम शुरू कर दिया गया। इस समय किसान धान की रोपाई कर रहे हैं। दुसरे मक्का वाले खेतों की जुताई शुरू कर दी गयी है। इन्ही अधिकांश खेतों में धान लगाया जा रहा है।

मानसून की बारिश में ही बाजरा उड़द और तिल बोया जाता है। खेतों में भरा पानी सूखते ही दलहनी फसलों की बुवाई शुरू हो जाएगी। अभी तक बाजरा कहीं नहीं बोया गया है। अब बाजरा की बुवाई के लिए किसान खेत तैयार कर रहे हैं। देसी उर्द और तिल की खेती करने वालों का कहना है कि कम बारिश होने से उक्त फसलों की पैदावार बेहद अच्छी होती है। खेतों में मैंथा भी खड़ा है। बारिश से मेंथा को नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि खेतों में पानी भर जाने से मेंथा खराब होने का खतरा पैदा हो गया है।

जिन खेतों में मेंथा में पानी भर गया है उनमें तेल कम निकलेगा। मेंथा सूखने पर मशीन में डाला जाता है जिसके बाद उसमें तेल अधिक निकलता है। मेंथा किसान बारिश से परेशान हैं। किसानों ने आशंका जताई है कि अगले तीन से चार दिन तक और अधिक बारिश होगी जिससे नुकसान अधिक हो सकता है। सोमवार को हुई तेज बारिश से खेतों में खड़ी घुइया को नुकसान हुआ है। घुइया में पानी भर जाने से खराब होने का भय बना हुआ है। अधिक समय तक पानी भरने से घुइया खेतों में ही सड़ जाती है। इसके साथ ही भिंडी उगाने वाले किसानों का कहना है कि बारिश में भिंडी खराब हो जाती है जिससे उसकी बिक्री पर असर पड़ता है। मिर्च और टमाटर जैसी चीजों को भी क्षति हुई है।

## सार-संक्षेप

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**बिल्सी, अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बिल्सी विधान सभा के बिल्सी नगर मंडल के बूथ संख्या-103 -104 पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रकाश डाला और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक अजीत सिंह, बूथ अध्यक्ष दिनेश पाल सिंह , ग्राम प्रधान रविन्द्र गौतम, राजेश सक्सेना, अमित कुमार सिंह, पवित कुमार, हर्षित आदित्य अर्जुन शर्मा समेत अन्य ग्रामवासी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा नेत्री ने आश्रम में बुजुर्गों को कराया सहभोज



**बिल्सी, अमृत विचार :** केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर देशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अभियान चलाकर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सोमवार को तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया स्थित वृद्धाश्रम पर भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने बुजुर्गों को सहभोज करके उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर संचालक वेदव्यास शर्मा, रामकिशोर शर्मा, वरुण शंखधार, रामेश्वर शाक्य, शिव गौड़, सचिन शर्मा, विकास माहेश्वरी, राहुल माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### भाकियू टिकैत में टीम सहित शामिल हुए ऋषभ चौधरी



**बदायूं, अमृत विचार :** गांव स्वरूपपुर में भारतीय किसान यूनियन के टिकैत गुट की बैठक हुई। ऋषभ चौधरी ने अपनी पूरी टीम के साथ भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता ग्रहण की। वह पहले भाकियू असली अराजनैतिक में युवा जिलाध्यक्ष थे। ऋषभ चौधरी ने कहा कि हम लोगों से बहुत बड़ी गलती हुई थी, जो सही संगठन से नहीं जुड़े, असली संगठन बाबा महेंद्र सिंह का है। बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने देश के किसानों को एक अच्छी पहचान दिलाई। और किसानों को सशक्त बनाया । कहा मुझे संगठन जो भी जिम्मेदारी देगा उसे पूरी निष्ठा और लगन से निभाऊंगा। जिला अध्यक्ष भाकियू रमाशंकर शंखधार ने पदाधिकारियों को सदस्यता ग्रहण करने पर बधाई दी। इस मौके पर भाकियू टिकैत के समस्त पदाधिकारी और क्षेत्र के सम्मानित किसान मौजूद रहे।

### कथा व्यास ने सुनाया धुंधकारी और गोकर्ण का प्रसंग



**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला चौबे स्थित श्री ठाकुर जी महाराज के मंदिर पर आयोजित श्री मद भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथा व्यास आचार्य कृष्ण कार्तिकेय द्वारा दो भाइयों धुंधकारी और गोकर्ण का प्रसंग सुनाया गया । कथा व्यास ने बताया कि धुंधकारी अपने जीवन में दुराचारी, व्यभिचारी और क्रूर था, जबकि गोकर्ण ज्ञानी और धार्मिक थे। धुंधकारी की मृत्यु के बाद, वह प्रेत योनि में भटकने लगा, और गोकर्ण ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करके अपने भाई को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा कि श्री मद भागवत कथा करवाने से जन्म जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं ।श्री मद्भागवत कथा की महिमा अपरंपार है ।श्री मद्भागवत कथा में अशोक गुप्ता, माधुरी गुप्ता, अनुराग शर्मा, राजीव सक्सेना, दिलीप गुप्ता, साहिल गुप्ता, अजीत शंखधार, अमन मयंक शर्मा, अंचला गुप्ता , निशांत वैश्य, विदुषी गुप्ता, लव गुप्ता,संगीता गुप्ता, संतोष शर्मा आदि सैकड़ों भक्तों ने कथा का श्रवण किया एवं कथा के अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### स्कॉलरशिप परीक्षा में 200 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग




**बदायूं, अमृत विचार :** राजाराम महिला इंटर कॉलेज में शाहीन एकेडमी सहसवान के तत्वावधान में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा का परिणाम तीस जून को घोषित किया जाएगा। एकेडमी के सेंटर हैड अज़हर ने बताया कि परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना है। यह परीक्षा हर वर्ष आयोजित की जाती हे। बताया कि जो बच्चे फीस की वजह से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इस परीक्षा के जरिए उनकी फीस में कमी कर दी जाती है ताकि कम फीस में बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सके।

## बहन के घर जा रहे बरेली के युवक की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, ओरछी

- पैदल घर जा रहे थे ,अज्ञात वाहन से हुआ हादसा
- पुलिस कर रही है वाहन की तलाश ,तहरीर नहीं दी

**अमृत विचार :** वाहन से उतरकर पैदल अपने बहन के घर जा रहे बरेली निवासी युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

बरेली के थाना सिरौली क्षेत्र के गांव बसंतपुर निवासी नंदकिशोर (19) रविवार रात अपने बहन के घर गांव गंगोली जा रहे थे। वाहन से उतरने के बाद वह गांव की ओर पैदल जाने लगे। इसी दौरान फैजगंज बेहटा क्षेत्र में धन्यावली मोड़ पर तेज रफ्तार से आए किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वह घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मौत घोषित कर दी। फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर आने के बाद रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिठौली गांव में दो पक्षों में फायरिंग और पथराव, रिपोर्ट

संवाददाता, इस्लामनगर

- पुलिस की मौजूदगी में भी हुआ था पथराव, राइफल लहराने पर निरस्त होगा लाइसेंस

**अमृत विचार :** इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सिठौली में रविवार दोपहर के समय दो पक्षों में फायरिंग ओर पथराव हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालत पर काबू पाया और फायरिंग कर रहे लोगों से पुलिस ने रायफल छीन ली और पथराव कर रहे लोगो को पुलिस दौड़ा दिया।

रविवार रात कई लोगों को हिरासत में ले लिया। सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार की तहरीर पर दोनो पक्षों के कई कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रविवार को दोनों पक्षों से दो दो लोगों का चालान किया है। वहीं पुलिस ने राइफल के लाइसेंस के निरस्तीकरण की तैयारी शुरू कर दी है। सिठौली गांव में करीब 17 बीघा रोड किनारे जमीन है। उस जमीन में आंबेडकर पार्क की भी जमीन है। रविवार को यादव के लोग रविवार को पूरी जमीन पर बल्ली लगाकर तरकशी कर रहे थे। गांव के जाटव के लोगों को पता चला। तो वह मौके पर पहुंचे। तारकशी करने को मना किया तभी दूसरे दोनो पक्षों में बहस शुरू हो गई बहस होते होते दोनो पक्ष आमने सामने आ गए।

जाटव समाज के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों में फायरिंग ओर पथराव शुरू हो गया। काफी देर तक दोनो पक्षों में फायरिंग और पथराव हुआ। पुलिस ने दोनो पक्षों को खदेड़ दिया और कई लोगों को मौके से हिरासत में ले लिए। उसके बाद रात में ही जाटव समाज के करीब 100 से अधिक महिला पुरुष थाने पर पहुंच गए और अंबेडकर पार्क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने बताया कि ग्राम सिठौली में कथित अम्बेड़कर पार्क की भूमि पर शेर सिंह यादव पुत्र कुल्फता आदि लोग तारकसी कर रहे है सूचना प्राप्त होने पर पूर्व से क्षेत्र में मौजूद प्रथम मोवाईल पर डियूटीरत सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार को मिली उसके बाद सब इंस्पेक्टर मय पुलिस बल के तत्काल मौके पर पहंचे तो शेर सिंह यादव पुत्र कुलफत सिंह आदि अपने हाथ में लाइसेंसी रायफल लेकर जाटव पक्ष के चन्द्रभान सिंह पुत्र पोप सिंह आदि को धमका रहे थे और पथराव कर रहे थे। जाटव पक्ष ने भी दूसरे पक्ष पर पथराव किया गया। सब इंस्पेक्टर की तहरीर पर शेर सिह यादव पुत्र कुलफत सिंह, सनी पुत्र सत्यवीर सिह, चंद्रभान सिह पुत्र पोप सिह, संतोष पुत्र मुनीम सिंह, अरविन्द पुत्र हरपाल, आदेश पुत्र नरेन्द्र व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

वहीं शनि उर्फ छितीज पुत्र सत्यवीर, शेर सिह पत्र कुलफत, सुरेंद्र पुत्र झम्मन, कर्मवीर पुत्र हीरालाल और दूसरे पक्ष के चंद्रभान सिह पुत्र पोप सिह, अरविन्द पुत्र हरपाल, सन्तोष पुत्र मुनीम सिह, आदेश पुत्र नरेन्द्र का शांतिभंग में चालान किया गया। थाना प्रभारी विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनो पक्षों के लोगो का चालन किया गया है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।




## बसपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार की रूपरेखा

**बदायूं, अमृत विचार :** बसपा नेता आतिफ खांन के दातागंज स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दातागंज विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक भारती ने की, मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी शमसुद्दीन राइन, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह रहे।

बैठक में पार्टी हाईकमान के आदेश पर जिला पंचायत और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी 459 बूथ और 47 सेक्टरों पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की कमेटी तैयार करें। पार्टी का एक एक कार्यकर्ता चुनाव में जुटे। योगी सरकार दलित और मुस्लिम विरोधी है। पार्टी का एक एक कार्यकर्ता जिला पंचायत चुनाव में अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करेगा। बसपा नेता आतिफ खांन ने सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## बदायूं क्लब के पास बह रहा गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में जगह जगह गंदा पानी भरा हुआ है जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। गंदगी के कारण ठेले वाले सड़क किनारे खड़े भी नहीं हो रहे हैं। प्राइवेट बस स्टेंड के निकट बदायूं क्लब के बाहर काफी समय से नाली की सफाई नहीं की गयी है जिससे नाली का पानी सड़क पर वह रहा है।



क्लब के पास सड़क पर बह रहा नाली का पानी। ● अमृत विचार

शहर में सफाई व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। नालियों में गंदा पानी भरा है। जिनमें मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों की बढ़ती संख्या से लोगों को संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। शहर के प्राइवेट बस स्टेंड के निकट बदायूं क्लब के बाहर नाली का पानी काफी समय से सड़क पर वह रहा है। नाली की सफाई न होने से उसमें गंदगी भर चुकी है जिससे पानी का बहाव रुक गया है।

यहां पर चाट पकौड़े के ठेले खड़े कर मजदूर अपनी रोजी रोटी चलाते थे। नाली का पानी सड़क पर बहने से ठेले वाले भी खड़े नहीं हो रहे हैं। ठेले वालों ने बताया कि नाली में गंदा पानी है। जो सड़क पर वह रहा है। ठेला लगाने को जगह नहीं है। पालिका के सफाई कर्मचारी नाली साफ नहीं करते हैं। इधर से दिन भर हजारों लोग और वाहन गुजरते हैं गंदगी से सभी परेशान रहते हैं। ठेले वालों ने नाली की सफाई कराने की मांग की है।

### 2 जुलाई को मदनापुर में लगेगा रोजगार मेला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय 2 जुलाई को खंड विकास कार्यालय मदनापुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन करेगा। मेला में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के हाईस्कूल इंटर स्नातक आईटीआई डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेला में निजी क्षेत्र की आठ कंपनी प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी शैक्षिक तकनीति प्रमाण पत्र की छाया प्रति अपने बायेडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ जारी तारीख में सुबह 10 .30 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

## सिंचाई करके लौट रहे किसान की कार की टक्कर से मौत

संवाददाता, इस्लामनगर

- रविवार रात लगभग 9 बजे इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव वहीपुर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** फसल की सिंचाई करके पैदल घर लौट रहे किसान को कार ने टक्कर मार दी। किसान घायल हो गया। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई।



मूलचंद्र।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव पिवारी निवासी मूलचंद (45) पुत्र गंगाराम अविवाहित थे और छोटे भाई के साथ रहते थे। रविवार को वह धान की पौध की सिंचाई करने खेत पर गए थे। जहां से वह पैदल ही घर आ रहे थे। रात 9 बजे रास्ते में वहीपुर गांव के पास तेज रफ्तार से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर उनके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां मूलचंद ने परिजनों से बात भी की थी। चिकित्सक ने इलाज शुरू किया था लेकिन सोमवार सुबह लगभग पांच बजे घायल ने दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने कार की तलाश शुरू की है।

## ड्यूटी के दौरान स्टाफ नर्स का मोबाइल चोरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में तैनात डेढ़ दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अस्पताल परिसर में सुरक्षाकर्मियों की ढिलाई और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के चलते बाहरी युवक बेरोकटोक प्रवेश कर रहे हैं, जिससे स्टाफ और मरीजों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।




### सीएमएस के निर्देश भी बेअसर

कुछ दिन पूर्व सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए थे कि बाहर से आने वालों से पूछताछ की जाए, छुट्टी पाने वाले मरीजों का नाम-पता दर्ज किया जाए और बेवजह घूमने वालों को बाहर किया जाए। लेकिन इन निर्देशों का कोई असर नहीं पड़ा और सुरक्षाकर्मी अपने ढर्रे पर काम कर रहे हैं।

- सुरक्षाकर्मियों पर लापरवाही का आरोप, सुरक्षा राम भरोसे
- बिना पूछताछ के घुस रहे बाहरी युवक, युवक सीसीटीवी में कैद

रविवार देर शाम जिला महिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित पीएनसी वार्ड में स्टाफ नर्स रामलखन की ड्यूटी थी। ड्यूटी के दौरान उन्होंने अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगाया। कुछ देर बाद जब उन्होंने देखा तो मोबाइल गायब था। काफी तलाश के बावजूद जब मोबाइल नहीं मिला तो वह नीचे आए और सुरक्षाकर्मियों से शिकायत की, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

रामलखन ने आरोप लगाया कि अस्पताल के मुख्य गेट पर चार सुरक्षाकर्मी मौजूद रहते हैं, लेकिन वे किसी आने-जाने वाले से कोई पूछताछ नहीं करते। इसी लापरवाही के चलते बाहरी युवक अस्पताल में घूमते रहते हैं और वारदातों को अंजाम दे जाते हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ चोरी, बल्कि कई बार यह युवक अस्पताल की ऊपरी मंजिलों तक बेधड़क पहुंच जाते हैं। बाद में रामलखन ने अस्पताल गेट के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें एक युवक मोबाइल लेकर जाते हुए दिखाई दिया। वह मोबाइल पर बात कर रहा था और उसे तीसरी मंजिल पर भी घूमते देखा गया। हैरानी की बात यह रही कि इतने सुरक्षाकर्मी होने के बावजूद किसी ने युवक से कोई पूछताछ नहीं की।

स्टाफ का आरोप है कि सुरक्षाकर्मी ड्यूटी के दौरान सोते रहते हैं और शिकायतों के बावजूद कोई सुधार नहीं किया गया है। रामलखन ने बताया कि इस बारे में कई बार सीएमएस से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।प्रेमी युगल भी घूमते देखे गए, महिला सुरक्षाकर्मी भी बेअसर अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की लापरवाही का आलम यह है कि कई बार प्रेमी युगलों को वार्डों में घूमते देखा गया है। यहां तक कि वे घंटों तक बैठकर बातचीत करते रहते हैं। अस्पताल में महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात हैं, लेकिन सुरक्षा के नाम पर

## एक नजर

### ड्रग इंस्पेक्टर ने किया सहसवान के जनऔषधि केन्द्र का निरीक्षण

**सहसवान , अमृत विचार** : सीएससी परिसर में खुले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का ही औचक निरीक्षण तो किया गया जगह जगह बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर को छोड़ दिया गया। विभाग की इस कारस्तानी के चलते लोगों में भारी रोष है।

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिन पर भारी मात्रा में अवैध रूप से दवाएं बेची जा रही हैं, सोमवार को जन औषधि केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर खोले गए जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। कस्बे में अन्य किसी मेडिकल स्टोर को नहीं देखा। लोगों का कहना है कि इलाके में धड़ल्ले से अवैध मेडिकल स्टोर संचालित हैं उन्हे कभी कोई अधिकारी देखने नहीं जाता है जिससे वह सुबह से देर रात तक खुले रहते हैं।

### घूर पर मिला नवजात का शव

**बदायूं, अमृत विचार** : मुजरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में इंसानियत शर्मसार हो गई। घूरे पर एक अज्ञात नवजात का शव बरामद हुआ। मामला गांव ज्योरा का है। ग्रामीणों ने घूरे पर पड़ा नवजात का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर नवजात के बारे में जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# गंगा का बढ़ा रौद्र रूप, उसहैत व सहसवान में बाढ़ का खतरा

## नरौरा से छोड़ा गया 78 हजार क्यूसेक पानी सोमवार को पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के चलते नरौरा बैराज से गंगा में 78 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी सोमवार को कछला होते हुए सहसवान व उसहैत क्षेत्र में पहुंच गया है। गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता का माहौल बन गया है। बाढ़ खंड विभाग ने संभावना जताई है कि अगले दो दिनों में गंगा में एक लाख क्यूसेक तक पानी छोड़ा जा सकता है। ऐसी स्थिति में तटबंधों पर पानी का दबाव बढ़ सकता है।

पिछले चार-पांच दिनों से उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में मूसलधार बारिश हो रही है। इस वर्षा का पानी हरिद्वार व बिजनौर होते हुए नरौरा बैराज तक पहुंच रहा है। रविवार देर रात बैराज से गंगा में 78 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जो सोमवार सुबह सहसवान, कछला और उसहैत के तटीय गांवों तक पहुंच गया।

अचानक जलस्तर बढ़ने से भुंडी, सखतपुर, जटा सहित कई गांवों में खलबली मच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार तक गंगा में जलस्तर सामान्य था और लोग आसानी से गंगा पार कर रहे थे।


गंगा में पहुंच रहा छोड़ा गया पानी ● अमृत विचार

- दो दिन में एक लाख क्यूसेक पानी और छोड़े जाने की आशंका
- बाढ़ खंड ने गांवों के लोगों को किया सतर्क

लेकिन सोमवार सुबह अचानक पानी बढ़ गया जिससे गांववासियों के होश उड़ गए।

हालांकि प्रशासन का दावा है कि इस बार तटबंधों को काफी मजबूत किया गया है और पत्थरों की लेयरिंग से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। बावजूद इसके, बाढ़ खंड ने चेतावनी जारी कर दी है और गांववासियों से अपील की गई है कि अगले चार-पांच दिन तक वे गंगा किनारे पशुओं को न ले जाएं।

कछला में फिर हटे दुकानदार

गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने कछला गंगा घाट के किनारे लगे दुकानदारों को एक बार फिर हटाया है। कुछ दुकानदारों को एक सप्ताह पूर्व ही हटाया गया था, अब शेष को भी सोमवार को हटा दिया गया। दुकानदारों ने बताया कि सुबह से पानी लगातार बढ़ रहा है और खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है।

> नरौरा व हरिद्वार से अब लगातार पानी आ रहा है जिससे गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। आज पहले दिन 78 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो उसहैत क्षेत्र में पहुंच चुका है। अगले कुछ घंटों में और पानी छोड़े जाने की संभावना है। अभी खतरा नहीं है, लेकिन एहतियातन सभी गांवों को सतर्क कर दिया गया है।
> **नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

## टनकपुर - मथुरा यात्री गाड़ी 31 जुलाई तक चलेगी

**बदायूं ,अमृत विचार** : पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से 30 जून, 2025 तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, वृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार को चलाई जाने वाली 05062-05061 टनकपुर-मथुरा जं.-टनकपुर विशेष गाड़ी की समय सीमा का विस्तार करते हुए 31 जुलाई तक चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, समय एवं रेक संरचना के अनुसार चलाई जायेगी।

रेलवे प्रशासन द्वारा बताया गया है कि विस्तारित अवधि में टनकपुर-मथुरा जं. विशेष गाड़ी मथुरा कैण्ट स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी एवं मथुरा जं0-टनकपुर विशेष गाड़ी मथुरा कैण्ट से चलाई जायेगी। यह गाड़ी मथुरा कैण्ट से मथुरा जं. के मध्य निरस्त रहेगी।

## बैंक के बाहर से बाइक चोरी सीसीटीवी में कैद

**इस्लामनगर, अमृत विचार** : बैंक में रुपये जमा करने आए एक दुकानदार की बाइक चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

गांव अल्लैहपुर समसपुर निवासी शैलेश कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार कस्बा के चंदौसी रोड पर गौरव कृषि सेवा केंद्र नाम से कीटनाशक दवाई और खाद बीच की दुकान चलाते हैं। उन्होंने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह रुपये जमा करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक गए थे। रुपये जमा करने के बाद वह बैंक से बाहर आए तो बाइक गायब थी। उन्होंने इधर उधर बाइक को तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। आसपास लोगों से भी पूछताछ की। हताश होकर पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। जिसमें दो युवक पैदल बैंक पर आए। काफी देर तक बाहक घूमते रहे। एक युवक ईयरफोन कान पर लगाकर बैंक में घुस गया और दूसरा बाइक पर बैठ गया। जिसके बाद युवक बाइक चोरी करके ले गए।

# वन महोत्सव आज से शुरू, लगाए जाएंगे पौधे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एक जुलाई से शुरु हो रहे वन महोत्सव के दौरान पौधरोपण और उसके संरक्षण की शपथ ली जाएगी। महोत्सव के लिए वन विभाग ने सभी तैयारी कर ली है। राजकीय पौधशाला से एक लाख पौधे उठाए हैं, जो मंगलवार को जगह जगह रोपित किए जाएंगे। अभी तक शासन से पौधारोपण अभियान की तिथि निर्धारित नहीं की गयी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अभियान की तिथि आगे बढ़ाई जा सकती है।

मंगलवार से शुरु हो रहे वन महोत्सव कार्यक्रम में सभी विभाग हिस्सा लेंगे। पहले दिन करीब एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। पौधरोपण को वन विभाग ने रविवार को राजकीय पौधशालाओं से करीब एक लाख पौधे उठाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान पौधरोपण और उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई जाएगी। लोगों को पेड़ों के महत्व के बारे में बताया जाएगा। कौन से पेड़ क्या लाभ देता है इसकी जानकारी दी जाएगी। वन महोत्सव कार्यक्रम में स्कूलों में पौधे रोपित किए जाएंगे। छात्रों को पौधों के बारे में जानकारी दी जाएगी। हरियाली बढ़ाने को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वन महोत्सव के ग्राम पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें विकास खंड अधिकारी सचिव व अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य रूप से स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा जागरूक रैली निकाली जाएंगी। महिला समूह द्वारा वन संपदा के बारे में जानकारी दी जाएगी।

वन महोत्सव कार्यक्रम को लेकर डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि शासन स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो प्रत्येक जिले में दिखाई देगा। जनपद में वन महोत्सव के दौरान एक लाख से अधिक पौधे पहले दिन रोपित किए जाएंगे इसके बाद पौध रोपण शुरू हो जाएगा।

- शासन से नहीं मिली तिथि, वन विभाग ने की तैयारी
- जिले में लगाए जाएंगे 72 लाख पौधे, प्रशासन करेगा निगरानी

> एक जुलाई से वन महोत्सव शुरू हो रहा है। जो एक माह तक चलेगा। इसी के बीच पौधारोपण अभियान भी शुरू होना है लेकिन अभी तक अभियान शुरू करने की तिथि निर्धारित नहीं की गयी है। वन महोत्सव के तहत जिले भर में पौधों का संरक्षण और रोपण किया जाएगा। लोगों को पेड़ों के प्रति जागरूक किया जाएगा। **प्रदीप कुमार** – डीएफओ

## दहेज को लेकर महिला से मारपीट जांच शुरू

**बिल्सी, अमृत विचार** : बिल्सी क्षेत्र के गांव जरसैनी में एक महिला ने अपने पति समेत ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव बमेढ़ निवासी शिव सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उन्होंने 17 दिसंबर 2022 को अपनी बेटी मिथलेश की शादी गांव जरसैनी गांव में किया था। शादी में उन्होंने आठ लाख रुपए खर्च किए। इतने पर भी मिथलेश के ससुराल वाले इस दान-दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वह दहेज में और भी मांग कर रहे थे। जिसको लेकर वह मिथलेश को तरह तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं।

मिथिलेश ससुरालवालों की प्रताड़ना काफी दिनों से सहती आ रही थी। जब यह अत्याचार बढ़ गया तो उसने घर में इस बात का जिक्र किया, घर में उसे समझाया गया और मामले को एडजस्ट करने की बात कही। 29 जून की रात मिथलेश के ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसके गंभीर चोट आई है। जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते घायल महिला को सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया है और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# ड्रिप पद्धति से सिंचाई में मिलेगा 90% अनुदान

**गन्ना किसानों को राहत**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गन्ना किसानों को अब सिंचाई के लिए अधिक पानी और पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 'ड्रॉप मोर क्रॉप' (माइक्रोइरीगेशन) योजना लागू की गई है। इस योजना से न केवल सिंचाई में पानी की 50 फीसदी तक बचत होगी, बल्कि उत्पादन में भी इजाफा होगा।

जिले में वर्तमान में 18 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गन्ने की खेती की जा रही है, जिसमें करीब सात हजार लघु एवं सीमांत किसान शामिल हैं। ये किसान अब तक पारंपरिक ट्यूबवेल सिंचाई पर निर्भर हैं जिससे सिंचाई में अधिक समय, श्रम और लागत लगती है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है।

गन्ना आयुक्त के निर्देश पर शुरू की गई इस योजना में लघु व सीमांत किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान और अन्य किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। बदायूं सहित सभी गन्ना उत्पादक जिलों को इस योजना के अंतर्गत लक्ष्य भी निर्धारित कर दिए गए हैं। वर्ष 2025-26 के लिए जिले को कुल 25,000 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र कवर करने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 5,000 हेक्टेयर क्षेत्र लघु एवं सीमांत किसानों के लिए आरक्षित है।

जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि ड्रिप सिंचाई प्रणाली से पानी सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचता है जिससे कम पानी में ही बेहतर सिंचाई संभव हो पाती है। इससे खेती में खरपतवार की समस्या भी कम होती है और सिंचाई की लागत घटती है। यह प्रणाली जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, उत्पादन वृद्धि और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बेहद कारगर है।उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना पारंपरिक सिंचाई विधियों की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक है। गन्ना विकास विभाग इस योजना के प्रचार-प्रसार में जुटा हुआ है ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें।


खेत में गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

- 'ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना से होगी 50 फीसद पानी की बचत
- जल संरक्षण को सरकार ने बनायी कारगर योजना
- सीमांत किसानों को मिलेगा लाभ विभाग ने शुरू किया काम

# सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अवस्यक लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने दोषी माना है। दोनों को आजीवन कारावास के साथ प्रत्येक पर 1.02-1.02 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना के दो लाख चार हजार रुपये पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 15 दिसंबर 2023 को थाना इस्लामनगर क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया था कि उनकी अवयस्क लड़की घर पर काम कर रही थी। सात से आठ बजे के बीच गुड्डू, मनोहर और गुड्डा का फुफेरा भाई सतीश आए और बेटी के साथ दुराचार किया और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। 25 जुलाई 2024 को पीड़िता की चाची ने उससे अचानक पूछा कि उसका पेट कैसे बढ़ रहा है। तो उसने बताया कि तीनों लोगों ने 15 दिसंबर की रात वह अपने पशुओं को चारा डाल रही थी। इसी दौरान वह तीनों लोग आ गए और उसके साथ जबरन गलत काम किया। जिसकी वजह से छह महीने से उसे मासिक धर्म नहीं हुआ।

पीड़िता के भाई की पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। न्यायालय में गुड्डू उर्फ हरि सिंह पुत्र मोहनलाल, मनोहर लाल पुत्र रामवीर के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। तीसरे आरोपी आशीष पुत्र राधेश्याम को आरोप से बरी किया गया है।

- पीड़िता का पेट बढ़ने पर चाची के पूछने पर बताई थी आपबीती

**एसके फील्ड से कैंडल मार्च निकालेंगे कांग्रेजीजन : बदायूं, अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव दुगरैया की शराब की दुकान पर सेल्समैन मुकेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में कांग्रेसीजन एक जुलाई शाम पांच बजे एसके फील्ड से कैंडल मार्च निकालेंगे। जो डीएम कार्यालय तक जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि न्याय के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इसके लिए कई गांवों में जनसंपर्क किया गया है।




# कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :**कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पास के विद्यालयों में मर्ज करने के आदेश का विरोध हो रहा है। अभिभावकों और शिक्षक संघों ने इस आदेश के खिलाफ प्रदर्शन किया और अपनी असहमति जताई। उनका कहना है कि इससे बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। 39 गांवों के प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति ने शासन के आदेश को अव्यवहारिक बताया। एकजुट होकर जमीनी स्तर पर विरोध करने की शपथ ली। कहा कि अगर मर्ज करने का यह आदेश वापस नहीं लिया जाता तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर जिले के सभी विकास क्षेत्रों के ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर ब्लॉक कार्यकारिणी, संघर्ष समिति के सदस्यों ने ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, अभिभावकों के साथ शासन के आदेश को लेकर चर्चा की। अभिभावकों को विद्यालय बंद करने की प्रक्रिया से छात्र और शिक्षकों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया।

विकास क्षेत्र सहसवान के कौल्हाई स्थित बीआरसी पर विरोध प्रदर्शन किया गया। शिक्षक संघ के माध्यम से पेयरिंग पर असहमति जताते हुए असहमति पत्र पदाधिकारियों को सौंपा गया। दर्जनों अभिभावकों ने खंड विकास कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान शासन के आदेश का विरोध जताया।अभिभावकों और शिक्षक संघों ने चेतावनी दी है कि अगर यह आदेश वापस नहीं लिया जाता है, तो वे प्रदर्शन करेंगे।

**स्कूलों के समायोजन के खिलाफ सड़कों पर उतरे ग्रामीण,, बिसौली:**:बीआरसी केंद्र वजीरगंज पर ब्लॉक के ग्राम किशनपुर, मढ़ी, पिपरिया, निमठोली , महेरा के अभिभावक एवं ग्रामीणों ने सोमवार को एकत्रित होकर अपना विरोध प्रदर्शन कर कार्यालय को ज्ञापन सौंपा । ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एकमात्र विद्यालय है, अगर विद्यालय बंद कर दिए जाएंगे तो बच्चे कैसे दूसरे गांव में जाएंगे। इस मौके पर ग्राम किशनपुर से एसएमसी उपाध्यक्ष हरपाल, ब्रजपाल, पीताम्बर, अनमोल कुमार एवं द्रोपदी देवी , मढ़ी के प्रधान राजकुमार, सुनील, जितेंद्र सिंह, जानकी देवी, लाल सिंह, ममता, गीता देवी ग्राम निमठोली से राजवीर पुष्पा देवी, सुजाता, उर्मिला, काजल, नीरज, रामोतार, सोमवती, हेतराम, नौचन्दी देवी, ग्राम पिपरिया से , नीरज कुमार राजवीर पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे ।

**छोटे बच्चों को शिक्षा से दूर करना चाहती है सरकार:बिल्सी** अंबियापुर विकास खंड क्षेत्र के चार प्राथमिक विद्यालयों का विलय किए जाने का सोमवार को शिक्षक और ग्रामीणों ने यहां विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। अंबियापुर ब्लाक के शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि अंबियापुर विकास खंड क्षेत्र के गांव जहानाबाद, फकीराबाद, गरड़पुरा और गौसमनगर के प्राथमिक विद्यालयों का विलय कर नजदीकी विद्यालय में विलय किया जा रहा है। जिसका सभी ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। वीरेश कुमार ने बताया गांव के स्कूल को खत्म कर सरकार बच्चों को शिक्षा से दूर करने का काम कर रही है। ग्रामीणों ने एकत्र होकर खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय अंबियापुर पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया इस मौके पर राधावल्लभ, रमन सिंह, शैलेश प्रताप सिंह चौहान, सुरेश पाल सिंह, गौतम शर्मा, राधेश्याम, सतेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।।


वजीरगंज पर ब्लॉक के कई गांवों के ग्रामीणो ने बीआरसी केंद्र पर प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार


कौल्हाई के बीआरसी केंद्र पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- बीईओ कार्यालय पर ग्रामीणों ने किया स्कूल विलय का विरोध


बैठक के दौरान मौजूद शिक्षक संघ के पदाधिकारी और ग्रामीण। ● अमृत विचार


बिल्सी में अंबियापुर ब्लाक में स्कूलों के विलय के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### विरोध के मुख्य बिंदु

शिक्षा का अधिकार अधिनियम: अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को गांव में ही शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए, जैसा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में प्रावधान है।

- बच्चों की सुरक्षा: ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि अगर बच्चों को दूसरे गांव में भेजा जाता है, तो उनकी सुरक्षा का जिम्मेदार कौन होगा।
- विद्यालय प्रबंध समिति की असहमति: विद्यालय प्रबंध समितियों और ग्राम प्रधानों ने भी इस आदेश के खिलाफ अपनी असहमति जताई है।

## युवती को बहलाकर ले गया युवक

**विजय नगला,अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने बताया कि वह हरियाणा में परिवार के साथ रहता है और मजदूरी करता है। उसी मकान में सागर नाम का युवक रहता था। वह परिवार के साथ गांव आ गए थे। सागर लगातार फोन करता रहा। लड़की भी युवक से फोन पर बात करने लगी थी। मना करने पर भी वह नहीं मानती थी। 25 जून की रात उनकी बेटी लापता हो गई। तलाश के बाद भी युवती का पता नहीं चल रहा है।

### खाटू श्याम मंदिर से चोरी मामले में दर्ज हुई रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव गिनौरा बाजिदपुर निवासी पुजारी पंडित मोहित शर्मा पुत्र राम निवास शर्मा ने बताया कि वह उझानी रोड पर बने खाटू श्याम मंदिर पर पुजारी हैं। 27 जून की रात करीब दो बजे चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया और चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की है।



शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा।।

सौ लोगों में से एक शूरवीर होता है। हजार लोगों में एक विद्वान होता है। दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है। वहीं लाखों में बस एक ही दानी होता है।

## संपादकीय

# कालेज परिसर में दरिंदगी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही कॉलेज परिसर में घसीटा जाता है, गैंगरेप किया जाता है, वीडियो रिकॉर्ड होता है और उसे धमकी दी जाती है कि अगर किसी से कुछ कहा तो यह वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि कॉलेज का वह परिसर जो पढ़ाई और कानून की समझ के लिए बनाया गया था, वह एक साजिशी अपराध की जगह कैसे बन गया? सीसीटीवी कैमरे चालू थे, सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है, फिर भी पुलिस ढंग से तभी हरकत में आई जब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। मुख्य आरोपी अब गिरफ्तार किए जा चुके हैं। क्या मौके से मिले सबूत काफी नहीं थे पुलिस को फ़ौरन कार्रवाई के लिए? या फिर राज्य सरकार को पहले यह तय करना था कि आरोपियों का राजनीतिक संबंध कितना भारी पड़ेगा? क्या इसलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी इस बार भी उतनी ही स्पष्ट है जितनी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के केस में थी? यह पहली बार नहीं है कि कोलकाता में किसी कॉलेज में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ हो। ठीक दस महीने पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इंटर्न डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस केस में भी तमाम सबूतों के बावजूद कार्रवाई धीमी रही और अब तक न्याय अधूरा है।

सवाल यह है कि क्या कोलकाता के कॉलेज लड़कियों के लिए कैंपस नहीं, क्राइम सीन बनते जा रहे हैं? क्या महिला सुरक्षा अब भी केवल घोषणाओं और चुनावी वादों तक सीमित रहेगी? राज्य सरकार कह रही है कि आरोपी का पार्टी से कोई रिश्ता नहीं, लेकिन ये स्पष्टीकरण तब क्यों आता है जब आरोप गहराने लगते हैं? बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफ़ा मांग रही है, महिला आयोग की टीम को कॉलेज कैंपस में देर से प्रवेश दिया गया क्या यह सब एक लड़की की अस्मिता से बड़ा है? क्या हम फिर वही कहानी दोहराते रहेंगे-पहले रेप, फिर चुप्पी, फिर राजनीति, फिर मीडिया ट्रायल, और फिर धीरे-धीरे भूल जाना? क्या छात्रा की आपबीती, जिसमें वह कहती है कि "मुझे लगा मैं जिंदा नहीं बचूंगी," केवल एक सुर्खी बनकर रह जाएगी? समाज, पुलिस, कॉलेज प्रशासन और राजनेता सभी को यह तय करना होगा कि वे पीड़िता के साथ खड़े हैं या आरोपियों की चुप्पी के हिस्सेदार हैं। क्योंकि सवाल अब यह नहीं कि अगला शिकार कौन होगी, सवाल यह है कि अगली बार भी सब उतने ही चुप रहेंगे क्या?

# क्या मशीनें भर सकती हैं धरती का घाव


नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है।

जब धरती की छाती पर मशीनों की सनसनाहट प्रकृति के हृदय की धड़कनों को दबा दे, जब वनों की हरियाली पर कृत्रिम सोल्यूशनों का धुंआ छा जाए, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो उठता है-क्या तकनीक वास्तव में उस करुण क्रंदन का प्रत्युत्तर है जो जलवायु न्याय की मांग करता है? आज मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है जहां एक ओर विज्ञान अपने चमत्कारों से भविष्य गढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर पृथ्वी, जो मां के समान हमें जीवन देती रही, उसके आंचल पर हमने प्रदूषण, शोषण और उपेक्षा के धब्बे छोड़ दिए हैं। 'क्लाइमेट जस्टिस बनाम क्लाइमेट टेक्नोलॉजी' की यह बहस कोई साधारण विमर्श नहीं, बल्कि सभ्यता के विवेक और वर्चस्व की उस लड़ाई का प्रतीक है जिसमें ग्लोबल नॉर्थ अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचकर तकनीकी उपायों की आड़ में नए उपनिवेश रच रहा है, जबकि ग्लोबल साउथ अब भी उन आंधियों को झेल रहा है जो उसने कभी बोई ही नहीं थीं।

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है। यह दृष्टिकोण मानता है कि जलवायु संकट का बोझ समान रूप से वितरित नहीं हुआ है, न तो उत्पत्ति के स्तर पर और न ही प्रभाव के स्तर पर। ऐतिहासिक रूप से, ग्लोबल नॉर्थ यानी यूरोप, अमेरिका, जापान जैसे विकसित देश औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक वायुमंडल में सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ते आए हैं। इसके विपरीत, ग्लोबल साउथ जैसे भारत, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के अन्य विकासशील देश, ऐसे हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन किया है, परन्तु जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सबसे अधिक झेला है। यही विसंगति जलवायु न्याय की मूल भावना है।

इस असंतुलन को ठीक करने के लिए 'क्लाइमेट जस्टिस' की परिकल्पना न्याय, उत्तरदायित्व और पुनर्वितरण पर आधारित है।




इसका तात्पर्य यह है कि जिन राष्ट्रों ने इतिहास में अधिक प्रदूषण किया है, उन्हें आज जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न केवल अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की, बल्कि उन विकासशील देशों की सहायता करने की भी जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसमें तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता और जलवायु अनुकूलन के उपाय शामिल हैं। लेकिन समस्या यहीं समाप्त नहीं होती।

जब ग्लोबल नॉर्थ तकनीकी समाधानों की बात करता है, जैसे कि कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी या सोलर जियोइंजीनियरिंग तो यह एक नई बहस को जन्म देता है। क्या यह वास्तव में समस्या का समाधान है या केवल एक और तकनीकी भ्रम है जो मूल कारणों से ध्यान भटका देता है? क्या यह जलवायु संकट की वास्तविक नैतिक और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का एक नया उपनिवेशवादी तरीका नहीं है?

कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, जिसमें उद्योगों या वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को खींच कर ज़मीन के भीतर दफना दिया जाता है, सुनने में आकर्षक लग सकती है। परन्तु यह तकनीक अभी तक व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो सकी है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी संशय बना हुआ है। अधिकांश सीसीएस प्रोजेक्ट्स या तो असफल रहे हैं, या फिर इतने महंगे हैं कि इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करना व्यावहारिक नहीं दिखता। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस तकनीक के पीछे छिपा हुआ भाव यह है कि हम अभी भी जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करते रह सकते हैं, क्योंकि हमारे पास "वैकल्पिक उपाय" हैं। यह न केवल एक भ्रम है, बल्कि नैतिक रूप से भी गलत है, क्योंकि यह जलवायु न्याय की भावना को नकारता है।

सोलर जियोइंजीनियरिंग का विचार तो और भी अधिक विवादास्पद है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर आने वाली सौर ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम उपाय किए जाते हैं, जैसे कि स्ट्रैटोस्फीयर में सल्फर डाइऑक्साइड के कण छोड़ना ताकि सूरज की रोशनी को परावर्तित किया जा सके। यद्यपि वैज्ञानिकों ने इसकी कुछ प्रयोगशालाओं में सफलता का दावा किया है, परन्तु इसके दीर्घकालिक और वैश्विक प्रभावों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। अगर यह प्रयोग असफल हो जाए, तो इसका परिणाम वैश्विक मौसम प्रणाली पर भयानक प्रभाव डाल सकता है जिसमें बाढ़, सूखा, मानसून की विफलता आदि की संभावना है।

अब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकें किसके हित में हैं? क्या यह तकनीकें केवल उन राष्ट्रों को सशक्त नहीं करतीं जो पहले से ही अधिक संसाधन, तकनीकी प्रभुत्व और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव रखते हैं? उदाहरण के लिए, यदि अमेरिका या चीन सोलर जियोइंजीनियरिंग का प्रयोग करते हैं और उसके परिणामस्वरूप भारत या अफ्रीका में सूखा पड़ता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक 'कॉमन' मानने की आवश्यकता है, न कि एक प्रयोगशाला जहां कुछ शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए मौसम और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करें।

वास्तव में, जलवायु तकनीकों की यह प्रवृत्ति एक नई तरह की उपनिवेशवादी मानसिकता को जन्म देती है- 'ग्रीन कॉलोनियलिज़्म'। पहले उपनिवेशवादी देशों ने वैश्विक दक्षिण से संसाधन लूटे, आज वे अपने प्रदूषण की भरपाई के नाम पर उन्हीं देशों में "कार्बन ऑफसेट प्रोजेक्ट्स" चला रहे हैं। विशाल भूभागों को "कार्बन सिंक" बनाने के लिए किसानों और आदिवासियों की भूमि छीनी जा रही है, उन्हें जंगलों की रक्षा करने का ठेका दिया जा रहा है जबकि उन जंगलों के 'मालिक' अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन चुकी हैं। यह न तो न्याय है, न विज्ञान, यह एक पॉलिश किया हुआ शोषण है, जिसे अब पर्यावरणीय नैतिकता का लबादा पहनाया जा रहा है।

इस सबके बीच, जलवायु न्याय की पुकार और भी मुखर होती जा रही है। ग्लोबल साउथ के देश बार-बार यह मांग करते आए हैं कि 'लॉस एंड डैमेज' फंड- जिसकी स्थापना कॉप27 में की गई थी, वास्तविक रूप में अमल में आए। यह फंड उन देशों को मुआवज़ा देने के लिए है जो जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसानों से जूझ रहे हैं, जबकि उन्होंने इस संकट में बहुत कम योगदान दिया है। लेकिन अब तक इसमें बहुत कम प्रगति हुई है। तकनीक की आड़ में नैतिक जिम्मेदारी को बार-बार टाल दिया गया है।

इस संबंध में यह जानना भी आवश्यक है कि तकनीक को पूरी तरह खारिज करना भी उचित नहीं होगा। हां, तकनीकें सहायक हो सकती हैं, अगर उनका प्रयोग जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से किया जाए। स्थानीय स्तर पर अनुकूलन तकनीकें, जैसे जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों का आधुनिकीकरण, सौर ऊर्जा का स्थानीयकरण, जैविक कृषि में तकनीकी सहायता आदि, वास्तव में न्यायपूर्ण समाधान बन सकते हैं। लेकिन इनका विकास नीचे से ऊपर की प्रक्रिया में होना चाहिए, न कि ऊपर से थोपे गए मॉडल के रूप में।

हम कह सकतें हैं कि तकनीक एक औज़ार हो सकती है, पर वह लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक हम जलवायु संकट को केवल तकनीकी चुनौती मानते रहेंगे, हम उसके वास्तविक समाधान से दूर भागते रहेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति की भरपाई करना केवल विज्ञान की सीमा से परे है-यह एक नैतिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की मांग करता है और जब तक यह पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक जलवायु न्याय केवल एक नारा रहेगा, और तकनीकें केवल अस्थायी मरहम। हमें मरहम नहीं, उपचार चाहिए- न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ। यही मानवता और प्रकृति दोनों के भविष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## प्रसंगवश

# कलाकार और साहित्यकार


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कला अनैतिकता की दीमक लगने से एक जर्जर सुंदरता भर होती है, कोई बड़ा असर नहीं छोड़ती। यहां अनैतिकता का कोई पवित्रतावादी तात्पर्य नहीं है, क्योंकि आज नैतिकता के प्रधान स्रोत होने चाहिए-बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता। अतः आज अनैतिक का अर्थ है जो बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता का अपने आचरण में विरोधी है। हाल में एक कलाकार-कवि के अभद्र आचरण को किसी विच्छिन्न घटना के रूप में न देखकर हिंदी समाज में नैतिकता के सार्वभौम पतन के संदर्भ में देखा जा सकता है। हर तरफ हिंसा और पितृसत्ता सहित तमाम सत्ताएं बेलगाम हैं। इस कलाकार-कवि को कुछ ज्यादा घेरा गया, यह कहना भी जरूरी है कि यह कोई हंसने या मजा लेने की घटना नहीं है, यह पतन बड़ा कष्टदायक है। यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना का संबंध केवल जेंडर मुद्दे से नहीं है, इस कलाकार-कवि के पुराने बेहूदी प्रकृति के आक्रमणों के लंबे सिलसिले से है जिसकी कड़ी नामवर सिंह, अशोक वाजपेयी आदि से शुरू होती है और उसमें शायद ही आगे सुधार हो। लेखकों पर वैचारिक आक्रमणों का हमेशा स्वागत है, पर क्या हिंदी में ऐसा आक्रमण रत्ती भर बचा है। यह व्यक्तिगत आक्रमण और चुनी हुई चुप्पियों का युग है। यही वजह है कि कई बार हिंदी लेखकों को आत्मप्रचार में उतरना पड़ता है जो एक दयनीय दशा है। दरअसल हिंदी साहित्यिक संसार में सराहना की जितनी गहरी भूख है, उतनी यह दुर्लभ है। इससे बहुत सी अनैतिकताओं और कुंठाओं का जन्म होता है, जिसका असर लेखक की सोच और उसकी साहित्यिक गुणवत्ता पर पड़ता है। बहुत दृढ़ व्यक्ति ही कला और नैतिकता दोनों को जीवन भर साध सकता है। यह प्रेमचंद-प्रसाद-निराला-महादेवी-अज्ञेय-मुक्तिबोध का युग नहीं है! आज हिंदी लेखक अपनी-अपनी छोटी-बड़ी गुमटियों में हैं। कुछ तरह तरह के कारण से अपने को बड़ा लेखक समझते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन इसपर विचार करना चाहिए कि आखिर विश्व मंच पर हिंदी लेखकों की वैसी उल्लेखनीय उपस्थिति क्यों नहीं है जैसी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या एशिया की कई छोटी भाषाओं के लेखकों की भी बड़े पैमाने पर है। महज कलाकार होने और साहित्यकार होने, मनुष्य होने में फर्क है!

# हादसों से सबक लेने की जरूरत


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा।

मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। साथ ही पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

## सोशल फोरम

# संगठनों की चुप्पी पर सवाल


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

जब 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) लागू हुआ, तब उसके क्रियान्वयन की आधारभूमि तैयार करने में अनेक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) की भूमिका उल्लेखनीय थी। बाल अधिकार, समावेशी शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, समुदाय आधारित निगरानी-इन सब पहलुओं को लेकर इन संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाया, शोध प्रस्तुत किए और नीतिगत बदलावों की मांग की। लेकिन आज जब उसी आरटीई की मूल भावना के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में पेयरिंग, मर्जर और स्कूल विलय के नाम पर स्कूलों को 'पुनर्गठित' करने की प्रक्रिया ज़ोर पकड़ रही है तो इन संगठनों की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टि से गांव का स्कूल केवल एक भवन या प्रशासनिक इकाई नहीं होता, वह ग्रामीण समाज की साक्षरता, चेतना और सामाजिक गतिशीलता का केंद्र होता है। ऐसे में स्कूल को भौगोलिक या संख्यात्मक औचित्य के आधार पर बंद या विलीन करना, आरटीई के उस उद्देश्य के विरुद्ध जाता है जो कहता है कि हर बच्चे को निकटतम और सुविधाजनक विद्यालय मिलना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती थी कि वही संस्थाएं जो कभी आरटीई के पक्ष में सड़क से संसद तक सक्रिय थीं, वे आज इन निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगी, बाल हित में सरकार से बात करेंगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी देंगी। लेकिन आज वे लगभग मौन हैं। क्या यह मौन केवल परिस्थितिजन्य है या यह दर्शाता है कि बहुत-सी स्वयंसेवी संस्थाएं अब शिक्षा को बाल अधिकार से अधिक प्रोजेक्ट और पार्टनरशिप के चश्मे से देखने लगी हैं? क्या अब शिक्षा सुधार का मतलब केवल 'डेटा बेस्ड एविडेंस' और 'पॉलिसी ब्रीफ' बन गया है, जिनका उद्देश्य नीति नियंताओं को सहूलियत देना भर है? एक शिक्षाशास्त्रीय समाज में यदि आलोचना, संवाद और प्रतिप्रश्न गायब हो जाएं, तो नीति निर्माण एकांगी हो जाता है। यदि शिक्षा/शिक्षकों के तथाकथित हितैषी संगठन आज चुप रहेंगे, तो कल जब कुछ गांवों से स्कूल गायब हो जाएंगे, तो फिर उनका डेटा, शोध और अनुभव केवल एक निष्क्रिय प्रलेख बनकर रह जाएगा। अब समय है कि ये संस्थाएं पुनः अपने बुनियादी दायित्व की ओर लौटें-बच्चों के लिए बोलें, न कि केवल परियोजनाओं के अनुरूप मौन रहें। **-फेसबुक वॉल से**

## चिकित्सक दिवस पर विशेष

# डॉक्टरों को व्यवस्था की मार से बचाइए


रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है।

आम तौर पर हमारे समाज में डॉक्टरों के क्रियाकलापों को लेकर एक अजीब सी नकारात्कता मौजूद रहती है। कई बार सच्चाई को स्वीकार न करके उन्हें खलनायक सिद्ध करने की कोशिश भी की जाती है। डॉक्टरों के खिलाफ आम धारणा यह है कि वे ऑपरेशन करने के लिए लालायित रहते हैं। पैथोलॉजी लैबों, मेडिकल स्टोरों और एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई करने वाले डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों से कमीशन वसूलते है। इसलिए आवश्यकता न होते हुए भी रोगियों को जानबूझकर इन डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों पर जाने के लिए मजबूर करते हैं। डॉक्टरों के खिलाफ इन धारणाओं में कुछ हद तक या फिर काफी हद तक सच्चाई हो सकती है लेकिन इन धारणाओं के आधार पर समूचे चिकित्सक जगत को बदनाम करना तर्कसंगत नहीं है। व्यावसायिकता के इस दौर में भी आज अनेक डॉक्टर समर्पण के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

हम सबका यह कर्तव्य है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले ऐसे डॉक्टरो के जज्बे को नमन करते हुए चिकित्सा जगत में पनपनी विभिन्न विसंगतियों का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम डॉक्टरों के गलत क्रियाकलापों पर तो हल्ला मचा देते हैं लेकिन उनके अच्छे क्रियाकलापों पर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप समाज में डॉक्टरों के खिलाफ एक नकारात्कता छायी रहती है। कोरोना काल में हमारे डॉक्टरों ने जिस समर्पण, बहादुरी और जज्बे के साथ समाज की सेवा की है, वह सराहनीय है। ऐसे समय में जबकि एक आम आदमी को एक-दो घंटा मास्क लगाने में भी दिक्कत महसूस होती है, हमारे डॉक्टरों ने दिन-रात पीपीई किट पहनकर और मास्क लगाकर पसीने में नहाते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। हो सकता है कि इस आपदा को कुछ डॉक्टरों ने अवसर में तब्दील कर दिया हो लेकिन इस आधार पर पूरी डॉक्टर बिरादरी को बदनाम करना क्या तर्कसंगत है? कई बार डॉक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। इस वजह से डॉक्टर स्वयं के ऊपर जिम्मेदारी न लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि वह पहले ही सब तरह के परीक्षण करा लेना चाहता है। कई बार सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टर संसाधनों के अभाव में भी बेहतर कार्य नहीं कर पाते हैं। अनेक जगहों पर सरकारी अस्पतालों में वर्षों तक मशीने खराब पड़ी रहती हैं। डॉक्टरों द्वारा विभाग को कई पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नही होता है। ऐसे माहौल में योग्य डॉक्टरों का उत्साह कम हो जाता है और उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम डॉक्टरों के समर्पण को व्यवस्था की मार से बचाएं।

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग के सदस्य वी. के. पाल ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। यह कटु सत्य है कि हमारे देश में आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं दयनीय स्थिति में हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। हालांकि सरकार ने अगले पांच साल में इसे तीन फीसद तक करने का लक्ष्य रखा है। जबकि हमारे देश के हिसाब से यह भी कम है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती दिखाई तो दे रही है लेकिन उसका प्रयास व्यावहारिक रूप से क्रियान्वित होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। दरअसल संसाधन सीमित होने तथा व्यवस्था में सुधार न होने के कारण डॉक्टर बेवजह बदनाम होते है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। हालांकि यह सुखद है कि इस माहौल में भी अनेक डॉक्टर अपने पेशे की गरिमा को बचाए हुए है। अनेक पर्यावरणीय कारणों से भविष्य में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ेगा। सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# चिंताजनक है जातीय विद्वेष


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में जातीय उन्माद फन फैला रहा है। इसके पहले कि कालिया नाग रुपी यह जातीय विद्वेष पूरे समाज को विषाक्त कर दे प्रशासन को कालिया दमन के पुराणोक्त चरित्र में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अनुगमन करना होगा। यह क्या देखा जा रहा है कि कहीं स्वघोषित अहीर रेजिमेंट उत्पात मचाये हुए है तो कहीं भीम आर्मी पुलिस से पंगे ले रही है। इटावा में तो हद ही हो गई है जहां कथित यादव रेजीमेंट पुलिस पर पथराव ही नहीं किया गाड़ियां तक तोड़ दीं। दादरपुर गांव में जाति पूंछकर इंट्री देने की खबर है। इलाहाबाद में तो पांच हजार की संख्या में भीमराव आंबेडकर के अनुयायी होने का उद्घोष करने वाली भीड़ ने ऐसा उत्पात मचाया कि आस-पास के जिलों से पुलिस बुलानी पड़ी। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक मशीनरी ऐसी स्थितियों का पूर्वाभास नहीं कर पाई। और सामान्य और शांत जनजीवन में खलल डालने वाली घटनाएं उस सरकार में घट रही हैं जिसकी प्रशासनिक कुशलता की नज़ीरें दूसरे प्रांतों में दी जाती हैं। किंतु कहीं न कहीं कुछ ढ़िलाई या नरमी तो जरुर है भले ही वह अनचाहे हो या फिर किसी छुपे मंतव्य के चलते जानबूझकर। ताकि जनता भी सरे आम सड़क पर उतरती गुंडई का साक्षात कर सके। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि ये उपद्रवी अपने नेताओं की शह पर अपनी पर उतर रहे हैं, बिना आगा पीछा सोचे। और यह सब 2027 के चुनाव के लिए जमीन और आबोहवा तैयार हो रही है। वर्तमान सरकार को उभरते जातीय उन्मादियों को सार्वजनिक अथवा निजीतौर पर समझा देना चाहिए कि उनकी सीमाएं क्या हैं। उनके साथ किसी भी तरह की नरमी न बरती जाए। अन्यथा प्रदेश में जातीय उन्माद कहीं व्यापक रुप से फैलकर विस्फोटक स्थिति में न पहुंच जाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## ग्रामीण विद्यालयों के विलय के विरोध में शिक्षकों ने भेजा पत्र

**जैतीपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशिक प्राथमिक शिक्षक संघ ने जैतीपुर क्षेत्र के कुछ गांवों के विद्यालयों के प्रस्तावित विलय (मर्ज) के खिलाफ मुख्य सचिव सहित अन्य उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा है। इस पत्र में शिक्षकों ने चिंता जताई है कि इन विद्यालयों के मर्ज होने से विद्यार्थियों को पड़ोसी गांवों के विद्यालयों में अटैच किया जाएगा। जिससे बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

पत्र में आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम का हवाला देते हुए बताया गया है कि बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है, और यह उनके मौलिक अधिकारों का हिस्सा है। यदि विद्यालय बंद करने के कारण किसी एक भी बच्चे की शिक्षा बाधित होती है, तो यह सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना होगी। अभिभावक भी नहीं चाहते कि उनके गांव के विद्यालय बंद किए जाएं, क्योंकि इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा, बल्कि उनकी सुरक्षा, सुविधा और समग्र विकास भी प्रभावित होगा। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के कई शिक्षक और ग्रामीण एकजुट नजर आए।

# धोखाधड़ी का शिकार हुए निवेशकों ने धरना देकर की न्याय की मांग

## अमर ज्योति कंपनी के निवेशकों का दर्द रुपये वापस दिलाने की मांग, बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ जुटे निवेशक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अमर ज्योति कंपनी में अपनी पूंजी जमा करने वाले निवेशकों ने कंपनी के निदेशकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दिया। निवेशकों का आरोप है कि कंपनी ने उनके साथ धोखाधड़ी की है और उनके रुपये वापस नहीं किए जा रहे हैं।

निवेशकों ने जिला बार एसोसिएशन के महासचिव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा और अपने रुपये वापस दिलाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि कंपनी के निदेशकों के खिलाफ कई एजेंट गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन मुख्य आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

निवेशकों की आपबीती:

- विधवा महिला: संगीता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए रुपये जोड़ने के लिए अमर ज्योति कंपनी में जमा किए थे, लेकिन अब उनके परिवार के आगे संकट आ गया है। दिव्यांग महिला ने बताया कि कंपनी के भागने के बाद वह और उनके पति घर पर बैठकर रो लेते हैं और भविष्य को लेकर बहुत रोना आता है। बार एसोसिएशन



बेटी की शादी के लिए कंपनी में रुपये जमा करने की जानकारी देती महिला।

- **सैकड़ों लोगों के करोड़ों रुपये लेकर भाग चुकी है अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी**

के महासचिव अधिवक्ता अरविंद पाल सिंह परमार ने कहा कि कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, सूर्यकांत मौर्य के अलावा श्रीकांत, सूरजपाल सिंह, अमित कुमार सिंह व अन्य के खिलाफ विवेचना चल रही है। कई एजेंट गिरफ्तार करके जेल भेजे जा चुके हैं लेकिन पुलिस अभी तक सूरपाल सिंह, शशिकांत मौर्य, सूर्यकांत मौर्य, श्रीकांत, अमित कुमार को गिरफ्तार नहीं



मालवीय अध्यापक आवास गृह पर धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद निवेशक। ● अमृत विचार

कर रही है। आरोप लगाया कि राजनीति व प्रशासनिक संरक्षण के कारण आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। जबकि उन्होंने एफडी और आरडी के माध्यम से हजारों लोगों से सात सौ से आठ सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। गिरफ्तारी न होने से सरकार और प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हो और जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए। उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो जिससे वह विदेश न भाग पाएं। उनकी चल-अचल संपत्ति नीलाम करके निवेशकों के रुपये वापस दिलाएं। ऐसी वित्तीय अपराधों को रोकने के लिए कानून में सख्त प्रावधान हो। आरोपियों और उनके परिवार के सदस्य व सहयोगियों के बैंक खाते सीज हो। अधिवक्ता रोहित सक्सेना, अमित कुमार, विजय साहू, मनोज के अलावा शकील, बनवारी लाल, राजू, संभव पटेल, मोहम्मद आजाद, मुकेश सिंह पटेल, आलोक, नजनी फरीदी, नुसरत बी, सोफिया अंसारी, नसीम बेगम, सावित्री साहू, जूबी, ममता देवी, रहीसा खातून, इरम, रेखा, आसमा बी, यासमीन आदि उपस्थित रहे।

### आरोप और मांग:

- आरोपियों को राजनीति व प्रशासनिक संरक्षण के कारण गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।
- निवेशकों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, उनकी चल-अचल संपत्ति नीलाम करके रुपये वापस दिलाने और उनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने की मांग की है।
- निवेशकों ने आरोपियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी करने की मांग की है ताकि वे विदेश न भाग पाएं।
- निवेशकों ने वित्तीय अपराधों को रोकने के लिए कानून में सख्त प्रावधान करने की मांग की है।



दिव्यांग महिला आपबीती बताते समय रो पड़ी। ● अमृत विचार

## पानी सप्लाई की समस्या को लेकर पार्षदों ने दिखाई नाराजगी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वार्ड संख्या 15 बाबूजई में पानी सप्लाई रविवार से नहीं आ रही थी। इस पर पार्षद विपिन सिंह यादव के नेतृत्व में सभी पार्षद नगर निगम पहुंचे और जलकल महाप्रबंधक से मुलाकात करने के लिए उनके ऑफिस पहुंचे। हालांकि महाप्रबंधक वहां नहीं थे, जिसपर पार्षद और अधिक नाराज हो गए।

पार्षदों ने जब पता किया कि अवर अभियंता छत्रपाल कहां हैं तो पता चला कि वह तेल टंकी साइड पर हैं। सभी पार्षद वहां जा धामे और उन्हें चेतावनी दी कि पानी सप्लाई किसी कीमत पर बंद नहीं होना चाहिए। पार्षद रुपेश वर्मा ने कहा पानी सप्लाई की समस्या का समाधान तुरंत किया जाना चाहिए।

पार्षद कृष्ण गोपाल बिंदु ने कहा जलकल विभाग में बहुत लापरवाही है। इस तरीके से लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पार्षद राजेश गंगवार ने कहा पानी सप्लाई की समस्या को लेकर हम लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है।

पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने कहा पानी सप्लाई की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग आंदोलन करेंगे, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## पेयरिंग के विरोध में जिले के कई ब्लॉकों में हुईं शिक्षकों की बैठकें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को जनपद के सभी ब्लाकों पर बैठक हुई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी विद्यालय में पेयरिंग कर बंद करने को लेकर बैठक में विरोध जताया।

विकास खंड भावलखेड़ा में संघ की प्रांतीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी की अध्यक्षता में बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र भावलखेड़ा में हुई। इसमें स्कूल बंद करने को गलत बताया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि सरकार आरटीई अधिनियम के विपरीत शिक्षा विभाग का निजीकरण करने के उद्देश्य से स्कूलों को बंद करना चाह रही है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। संघ विद्यालयों के बच्चों और ग्रामवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों के मर्जर इसका विरोध करता है। बैठक में संघ के जिला उपाध्यक्ष के के सिंह, सुषमा गुप्ता, वारिस अली, पुनीत दीक्षित,अखिलेश कुमार, विनायक मिश्रा, ज्ञानेंद्र कुमार, गुलशन जहां, रेनू शुक्ला सहित बंद किए जाने वाले स्कूलों के हेड टीचर, शिक्षकों ओर एसएमसी अध्यक्ष आदि ने विद्यालयों के मर्जर का विरोध किया।

विकास खंड ददरौल में बीआरसी पर संघ की बैठक वरिष्ठ शिक्षक अभिराम सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र ने स्कूल मर्जर को गलत बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। पहले एक किलोमीटर के अंतर पर विद्यालय खोले गए थे जो अब बंद किये जा रहे हैं जिससे ग्रामीण बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो जायेंगे। विद्यालय बंद करना उन बच्चों और ग्रामवासियों के साथ अन्याय है। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, ओपी राजपूत, उमाशंकर, आदर्श श्रीवास्तव, सुरेंद्र पाल, राम कुमार, कमल कुमार, जुल्फिकार अली, प्रदीप सिंह, मुकेश कुमार, रुपेश द्विवेदी, अवधेश सिंह, अनूपा पांडे, रेखा, नीरजा, विनीत गुप्ता आदि थे।

## एसपी ने दरोगा को किया निलंबित

**मदनापुर/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** फरियादियों से अभद्रता करने और सीएम पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण न करने पर एसपी ने मदनापुर थाना के दरोगा सतीश कुमार को निलंबित कर दिया है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बुधवाना निवासी राजेश कुमार ने एक व्यक्ति पर गाली देने और रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। उसने थाने पर शिकायत की थी और पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर दरोगा की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि दरोगा सतीश कुमार ने फर्जी तरीके से शिकायत का निस्तारण कर दिया था। एसपी राजेश द्विवेदी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दरोगा को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री कई बाद जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश अफसरों को दे चुके हैं लेकिन निचले स्तर पर आदेश मानने में लापरवाही हो रही है।

## काम को गए राजमिस्त्री का सड़क किनारे पड़ा मिला शव

संवाददाता, दातागंज

- **मृतक के पित की तहरीर पर प्रधान के पिता पर दर्ज की गई रिपार्ट**

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी राजमिस्त्री का शव सड़क किनारे खंती में पड़ा मिला। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रधान के पिता के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें सड़क दुर्घटना में मौत की बात सामने आई है।



मृतक बदन सिंह।

दातागंज क्षेत्र के गांव गलोथी निवासी बदन सिंह (40) पुत्र रामपाल राजमिस्त्री थे। रविवार को वह पास के गांव गनगोला में निर्माण कार्य करने गए थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने अपने गांव के अलावा गनगोला और आसपास के गांवों में तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार सुबह गांव के बाहर उनका शव पड़ा मिला। मृतक के पिता रामपाल ने तहरीर देकर बताया कि बदन सिंह ग्राम प्रधान अमन के पिता नेहरुद्दीन के यहां मकान बनाने काम कर रहे थे। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने नेहरुद्दीन को फोन किया उन्होंने बताया कि बदन सिंह आज वहीं रुकेंगे।

जिसके बाद परिजन निश्चिंत हो गए थे लेकिन सोमवार सुबह पांच बजे बदन सिंह का खून से लथपथ शव गांव गलोथी के पास खंती में पड़ा मिला। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें एक्सीडेंटल चोट की वजह से मौत की पुष्टि हुई है। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## समस्या का समाधान होने तक जारी रहेगा युवकों का आंदोलन

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का गंदा दूषित पानी आस पास के गांवों में पहुंच रहा है। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस इन ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन कर रही है। सोमवार को क्रमिक अनशन पर युवा ग्रामीण बैठे, समस्या का समाधान होने तक क्रमिक अनशन और धरना प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया। उझानी नगर पालिका का गंदा पानी नरऊ सहित कई अन्य गांवों में पहुंच रहा है। गंदे पानी को रोकने को नरुउ हाईवे के निकट आंदोलन किया जा रहा है। सोमवार को गांव के 6 युवा सौरभ सोलंकी, अंशु सोलंकी, गुलशन राघव, अनिल कुमार राजेश कुमार, अभी चौहान क्रमिक अनशन पर बैठे। जिनके साथ सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह, रफत अली, तेजेन्द्र पाल कश्यप, छोटेलाल जाटव, मुन्ना लाल जाटव, राजाराम जाटव मोतीराम कश्यप ने जूस पिलाकर क्रमिक अनशन समाप्त कराया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला आइकोनिक अवार्ड

**बदायूं, अमृत विचार :** वैशाली फिल्मस क्रियेशन की ओर से एक रिसॉर्ट में आइकोनिक अवाड्र्स 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवा, साहित्य, संगीत, शिक्षा, चिकित्सा और फिल्म क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक ने की। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया, जिनमें समाज सेवा क्षेत्र में अशोक खुराना साहित्य क्षेत्र में डॉ. सोनरूपा विशाल, संगीत क्षेत्र में डॉ. मदन मोहन लाल, शिक्षा क्षेत् में ज्योति मेहंदीरत्ता, अनुज वार्ष्णेय, अक्षत रस्तोगी, चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. नितिन सिंह, चित्रांश सक्सेना, फिल्म क्षेत्र में विनोद कुमार बिन्नी, सुरेंद्र वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र मोहन सक्सेना और अशोक सक्सेना ने किया। लाइफ टाइम एचीवमेंट विपिन अग्रवाल, रोटरी क्लब अध्यक्ष अनिल गुप्ता को दिया। दिनेश गुप्ता उर्फ बंटी, शरद शंखधार, सर्वेश भारती, नरेश शर्मा, मनोज कुमार, अचल सक्सेना, विनोद जौहरी, डॉ. उमा सिंह गौर, रजनी मिश्रा, धीरज सक्सेना, शारदा बवेजा, भावेश, दीपक सक्सेना, रविंद्र मोहन सक्सेना, रवेंद्र कश्यप को भी सम्मान मिला ।इस कार्यक्रम में इंदू सक्सेना, महेश सक्सेना, रोहिताश सक्सेना, डॉ. गीतम सिंह, संजीव सक्सेना, डॉ. इजहार आदि का सहयोग रहा।



समाजसेवी अशोक खुराना को सम्मानित करते फिल्मी कलाकार भानुशाली।

## मठ वाली माता के मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

संवाददाता ,रौसर कोठी

- **दिनभर होती रही पूजा-अर्चना, सुख और समृद्धि की कामना की**
- **आषाढ़ मास की अमावस्या के बाद पहले सोमवार को लगा मेला**

**अमृत विचार :** रौसर गांव स्थित मठ वाली माता के नाम से प्रसिद्ध मंदिर में सोमवार सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगने लगीं।

आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के जिलों से भी भक्तजन पहुंचने लगे। उन्होंने घरों से पूड़ी, पकवान व अन्य प्रसाद बनाकर माता को अर्पित किए। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। दिनभर मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना होती रही। इस अवसर पर ददरौल विधायक अरविंद सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, एसपी राजेश द्विवेदी, सीओ पंकज पंत और प्रभारी निरीक्षक आरसी मिशन धर्मेंद्र गुप्ता समेत अनेक



मेले में पहुंचे विधायक अरविंद सिंह व अन्य जनप्रतिनिधि।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी माता के दर्शन किए। देश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ल, पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, अजित सिंह, रोहित पांडेय, मुकेश राठौड़, आत्माराम दीक्षित, नरेंद्र पाल, भगत रामपाल, अभिषेक मिश्रा, अमित मिश्रा, कपिल दीक्षित, शैलेश दीक्षित, आशु दीक्षित और विवेक दीक्षित समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मेले में बच्चों ने की मस्ती, कराया भंडारा

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार मंदिर को महाभारतकाल से जोड़ा जाता है। आषाढ़ मास की अमावस्या के बाद आने वाले पहले सोमवार को इस मंदिर में भव्य मेले का आयोजन होता है। मेले में बच्चों के लिए झूले लगाए गए और चाट-पकौड़ी समेत अन्य व्यंजनों के ठेले भी आकर्षण का केंद्र रहे। मेला आयोजन में महानगर उपाध्यक्ष श्यामबाबू दीक्षित और किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी सर्वेश मिश्र समेत अन्य सहयोगियों ने भंडारे का आयोजन किया।

## एमए पब्लिक स्कूल में सोशल मीडिया दिवस मनाया

**सिंधौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल में सोमवार को सोशल मीडिया दिवस मनाया गया।

स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बच्चों और शिक्षकों से कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया का क्रेज बच्चों से लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में है। चाहे पढ़ाई का हो या मनोरंजन का सभी प्रकार की वस्तुएं सोशल साइट्स पर मौजूद हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से पटना के खान सर, विकास दिव्यकीर्ति, प्रेमानंद महाराज, आचार्य प्रशांत ने पूरी दुनिया में एक अलग पहचान बनाई है। इस मौके पर अब्दुल रहमान खान, कृष्णपाल गौतमआदि रहे।

## मालगाड़ी का टूटा था कुंडा जांच को जगाधरी जाएगा डिब्बा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अटसलिया रेलवे फाटक के निकट मालगाड़ी दो भागों में बट गई थी। तीन अधिकारियों ने अपनी संयुक्त रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद मंडल कार्यालय को भेज दी। जांच रिपोर्ट में पाया गया कपलिंग को फंसाने वाला मालगाड़ी के डिब्बा का कुंडा टूट गया था। डिब्बा को जांच के लिए जगादरी भेजा जाएगा।

रोजा से हरदुआ के लिए रविवार की सुबह 03:45 बजे मालगाड़ी जा रही थी। अटसलिया रेलवे क्रासिंग के निकट अचानक मालगाड़ी दो भागों में बंट गई थी। इंजन का हिस्सा आगे निकल गया था और गार्ड का हिस्सा पीछे रह गया था। लोको पायलट सुनील कुमार और गार्ड आरिफ अंसारी थे। लोको पायलट और गार्ड ने कंट्रोल को सूचना दी थी। रेल अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे और देखा कि कपलिंग खुली हुई थी। अधिकारियों ने गहनता से जांच की। गार्ड के हिस्से को रोजा यार्ड और इंजन के हिस्से को शाहजहांपुर के लिए भेज दिया था। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि कपलिंग को मालगाड़ी में फंसाने वाला कुंडा टूट गया था। इसलिए कंपलिंग खुल गई थी। डिब्बे को जगादरी जांच के लिए भेजा जाएगा। कैरिज एंड वैगन निरीक्षक, स्टेशन अधीक्षक और यातायात निरीक्षक ने संयुक्त जांच रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद मंडल कार्यालय भेज दी है।

## नारी हर क्षेत्र में आगे: डीपीओ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन वन स्टाप सेंटर नवादा इन्देपुर में किया गया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने कहा कि नारी हर क्षेत्र में आगे वह अपने आपको कमजोर न समझे। इसी के साथ उन्होंने महिलाओं विभिन्न योजनाओं पर जानकारी दी। महिला कल्याण अधिकारी अमृता दीक्षित ने महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, सामूहिक विवाह योजना, दिव्यांग योजना आदि योजनाओं से अवगत कराया।

## मालगाड़ी से कटकर व्यक्ति की मौत, संचालन रहा प्रभावित

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बंथरा और गर्रा के बीच अप लाइन पर मालगाड़ी से अज्ञात व्यक्ति की कटकर मौत हो गई। इस दौरान अप लाइन पर करीब 50 मिनट रेल संचालन प्रभावित रहा है। दो ट्रेनों और मालगाड़ी को स्टेशनों पर रोक दिया गया।

रोजा से मालगाड़ी रविवार की सुबह पौने चार बजे जा रही थी। बंथरा और गर्रा पुल के बीच पोल संख्या 244/3 मालगाड़ी की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसका शव दोनों पटरी के बीच रेल लाइन पर पड़ा रहा था। मालगाड़ी के लोको पायलट ने रेलवे कंट्रोल और बंथरा स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने तिलहर थाना को मेमो दिया। तिलहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और रेल पटरी के बीच में पड़े शव को किनारे किया। मृतक की उम्र 40 साल होगी और नीला लोअर व सफेद शर्ट पहने हुए है।

उसके दाहिने हाथ पर जीएमआर गुदा हुआ है। इस दौरान अप लाइन पर करीब 50 मिनट ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा है। स्टेशन पर प्लेटफार्म चार समर स्पेशल बनारस- दिल्ली एक्सप्रेस, प्लेटफार्म तीन पर जनसेवा एक्सप्रेस और गर्रा पुल से पहले मालगाड़ी खड़ी रही। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया और शिनाख्त नहीं पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रक की टक्कर से एसएसबी जवान और बेटे की मौत

**बीसलपुर,:** तेज रफ्तार ट्रक ने पिता-पुत्र की जिंदगी एक ही पल में छीन ली। क्षेत्र के परसिया गांव में सोमवार सुबह टोल प्लाजा के पास हुए हादसे में एसएसबी जवान और उनके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जवान ड्यूटी पर जाने के लिए निकले थे, बेटा उन्हें बाइक से स्टेशन छोड़ने जा रहा था। हादसे के बाद घटनास्थल पर मंजर देख लोगों का रूह कांप गई। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवार वालों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पिता-पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

## दो गांवों में जेवर सहित लाखों की चोरी

संवाददाता, बंडा

- **मोटर साइकिल और बाइक भी ले गए चोर**

**अमृत विचार :** चोरों ने दो गांवों में लाखों रुपये के जेवर, दो मोबाइल और मोटर साइकिल चोरी कर ली। वहीं चोर बेखौफ होकर चोरी किए गए मोबाइल से लोगों के फोन उठाकर बात कर रहा है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर वैवहा निवासी खुशीराम का छोटा पुत्र आदेश गांव के बाहर कुछ कदमों की दूरी पर छप्पर और टिन शेड डालकर अपनी पत्नी अनीता देवी और 13 माह की पुत्री आराध्या के साथ रहता है। रविवार की शाम से ही वह अपने ही खेत पर पानी चलाने के बाद घर के अन्दर जाकर सो गया। शाम को उसने अपनीबाइक को बाहर खड़ा कर दिया था । रविवार की रात चोर उसकी मोटर साइकिल और चारपाई पर रखा मोबाइल चोरी कर ले गया। इस मामले में जब गांव पहुंचे पुलिसकर्मियों ने चोर को फोन किया तो चोर ने कहा कि पहले फोन का पासवर्ड बता दो इसके बाद एक चीज वापस मिल जाएगी। करीब 20 मिनट तक पुलिसकर्मी चोर से बात करते रहे, लेकिन उसने कोई भी जानकारी नहीं दी।

दूसरा मामला पड़ोस के ही गांव मियांपुर सनवात का है। यहां विश्राम गुप्ता के पुत्र दीपक गुप्ता ने बताया कि वह और उसका भाई छत पर और छोटा भाई विपिन परिवार के साथ कमरे में सो रहा था। रविवार सोमवार की रात छत की तरफ से आए अज्ञात चोर ने उसके घर जाकर कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़कर लाखों के जेवर चोरी कर लिए। चोर ने पड़ोस में रह रहे उसके तहेरे भाई अर्चन गुप्ता की छत पर पहुंचकर उसका मोबाइल चुरा लिया। यहां अर्चन गुप्ता और उसकी पत्नी सो रहे थे। वायरल रिकॉर्डिंग में चोर उसकी बताई हुई जगह पर पैसे रखने और अगले दिन उठा लेने की बात कर रहा है। वहीं चोरों ने दीपक गुप्ता के घर से करीब 11 लाख रुपये से अधिक की चोरी की है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप राय ने बताया कि कुछ लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है, जानकारी करवाई जा रही है।

## सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए लगाया शिविर

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** सामाजिक अधिकारिता शिविर के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए ब्लॉक में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

कैंप में कुल 198 लोगों का पंजीकरण किया गया। सोमवार को ब्लॉक सभागार में डॉक्टरों और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर की टीम ने दिव्यांगजनों की जांच की। जांच के बाद आवश्यक कागजात लेकर उन्हें उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। दिव्यांग कल्याण अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि तिलहर में कुल 198 लोगों का पंजीकरण हुआ है। अब शीघ्र ही इन्हें उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर दिव्यांग कल्याण अधिकारी संजय कुमार, डॉ. राज किशोर गुप्ता, डॉ. राजू कुमार, डॉ. अनिल कुमार मांझी, शशांक गुप्ता, रवि मौर्य आदि उपस्थित रहे।



शिविर में पंजीकरण कराते बुजुर्ग व दिव्यांग।

# मठ वाली माता के मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## हुई पूजा-अर्चना, सुख और समृद्धि की कामना की



मेले में पहुंचे विधायक अरविंद सिंह व अन्य जनप्रतिनिधि।

संवाददाता ,रौसर कोठी

**अमृत विचार :** रौसर गांव स्थित मठ वाली माता के नाम से प्रसिद्ध मंदिर में सोमवार सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगने लगीं।

आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के जिलों से भी भक्तजन पहुंचने लगे। उन्होंने घरों से पूड़ी, पकवान व अन्य प्रसाद बनाकर माता को अर्पित किए। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। दिनभर मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना होती रही। इस अवसर पर ददरौल विधायक अरविंद सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, एसपी राजेश द्विवेदी, सीओ पंकज पंत और प्रभारी निरीक्षक आरसी मिशन धर्मेंद्र गुप्ता समेत अनेक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी माता के दर्शन किए। देश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ल, पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, अजित सिंह, रोहित पांडेय, मुकेश राठौड़, आत्माराम दीक्षित, नरेंद्र पाल, भगत रामपाल, अभिषेक मिश्रा, अमित मिश्रा, कपिल दीक्षित, शैलेश दीक्षित, आशु दीक्षित और विवेक दीक्षित समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मेले में बच्चों ने की मस्ती, कराया भंडारा

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार मंदिर को महाभारतकाल से जोड़ा जाता है। आषाढ़ मास की अमावस्या के बाद आने वाले पहले सोमवार को इस मंदिर में भव्य मेले का आयोजन होता है। मेले में बच्चों के लिए झूले लगाए गए और चाट-पकौड़ी समेत अन्य व्यंजनों के ठेले भी आकर्षण का केंद्र रहे। मेला आयोजन में महानगर उपाध्यक्ष श्यामबाबू दीक्षित और किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी सर्वेश मिश्र समेत अन्य सहयोगियों ने भंडारे का आयोजन किया।

## दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना परौर क्षेत्र के पचदेवरिया निवासी गुड्डी देवी पत्नी राजकुमार ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को एक प्रार्थना सौंपा। प्रार्थना पत्र के अनुसार पीड़िता की बैनामा की हुई जमीन पर गांव के दो व्यक्ति जबरन रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे हैं। 25 जून को शाम 5 बजे ये दोनों व्यक्ति पीड़िता के घर आ धमके। जब पीड़िता ने रास्ता देने से इनकार किया, तो दोनों आरोपी जबरन घर में घुस आए और अभद्रता करने लगे। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर रास्ता नहीं दिया गया तो उसकी इज्जत उछाल देंगे। शोरगुल सुनकर गांव वाले एकत्र हो गए जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

## ठेकेदार-अफसरों ने फेरा सरकार की मंशा पर पानी

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों ने मिलकर सरकार के करोड़ों रुपयों पर पानी फेर दिया है। सरकार ने जनता को असुविधा से बचाने के लिए गर्मी के मौसम से पहले ही करोड़ों रुपये खर्च कर जर्जर बंच केबल बदलवाने का आदेश दिया, लेकिन कमीशनखोरी के चलते अधिकारियों ने ठेकेदारों को अभयदान दे दिया। ठेकेदारों ने मानक के विपरीत घटिया गुणवत्ता बाले केबल लगाए जिन्हें विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आखें मूंदकर पास कर दिया। उसका नतीजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन ब्लैक आउट का सामना करना पड़ रहा है। इनमें भी सबसे अधिक इस्लामनगर फीडर की जनता परेशान है। हर दिन औसतन 7-8 घंटे का ब्लैक आउट होता ही है और कभी कभी तो सारी रात ही यूँ निकल जाती है लेकिन मजाल है कि किसी उच्च अधिकारी के कान पर जूं तक रेंगी हो। किसी उच्च अधिकारी ने यह पूछने की हिम्मत भी की हो कि नए बंच केबल इतनी जल्दी कैसे जर्जर हो गए ? उच्च अधिकारियों की कुंभकरणीय नींद और स्थानीय अधिकारियों की कमीशनखोरी के बीच जनता पिस रही है लेकिन जन प्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक कहीं कोई पुरसाने हाल नहीं है। रो धो कर 4-6 विद्युत सप्लाई मिल जाती है। बस मे गुजारा करने को जनता मजबूर है।

## तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना के उप निरीक्षक पंकज कुमार सिंह को सोमवार की सुबह सुचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी कमलेश मित्तेपुर थाना कांट क्षेत्र का है।

### वारंटी किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सुरेश धीमर निवासी रोशनगंज कोतवाली के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। टीम में विनीत कुमार आदि थे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि फरार चल रहे आरोपी गौरव को घुसगवां रोड से गिरफ्तार कर लिया है।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स बाबा पशुपतिनाथ इण्टरप्राईजेज, ग्राम जाम, पोस्ट व तहसील मीरगंज जिला बरेली यू.पी. 243504 (पंजीकरण संख्या : BAR/0007216) फर्म में 03 साझेदार-पान सिंह, अनुभव प्रकाश एवं नकी हसन थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 18.06.2025 को फर्म में दो नये साझेदार चन्द्रभान सिंह एवं मतीन अहमद शामिल किये गये हैं तथा फर्म से दो साझेदार अनुभव प्रकाश एवं नकी हसन स्वेच्छा से दिनांक 18.06.2025 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदारों का फर्म/साझेदारों पर या फर्म का साझेदारों पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार पान सिंह, चन्द्रभान सिंह एवं मतीन अहमद है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

पान सिंह साझेदार
मैसर्स बाबा पशुपति नाथ इण्टरप्राईजेज, बरेली उ.प्र.

## सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म-मैसर्स बिट्टो इण्टरप्राइजेज, 45 चौधरी तालाब, तहसील व जिला बरेली, उ.प्र. 243003 (पंजीकरण संख्या :BAR/0012805) फर्म में 03 साझेदार-महेन्द्र सिंह, धर्मवीर एवं जिया उर रहमान थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 29.05.2025 को फर्म में एक नया साझेदार ममता को शामिल किया गया है तथा फर्म से दो साझेदार महेन्द्र सिंह, एवं जिया उर रहमान स्वेच्छा से दिनांक 29.05.2025 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदारों का फर्म/साझेदारों पर या फर्म या साझेदारों पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 02 साझेदार धर्मवीर एवं ममता है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

धर्मवीर साझेदार
मैसर्स बिट्टो इण्टरप्राइजेज, बरेली उ.प्र.


## रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** एसडीएम कोर्ट के आदेश पर जमीन पर कब्जा दिलाने के बदले में 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी बदायूं के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र की आवास विकास कालोनी निवासी सदर तहसील, बदायूं के लेखपाल संजीव कुमार की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट कमलेश्वर पांडेय ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि शिकायतकर्ता इशरत अली ने थाना एंटी करप्शन, बरेली में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम कलपिया के गाटा संख्या 4688 की ठियाबंदी के लिए एसडीएम सदर बदायूं के न्यायालय में वाद दायर किया था। जिसमें उसके पिता के पक्ष में आदेश पारित हुआ लेकिन विपक्षी शहादत अली आदि ने लेखपाल संजीव की मिलीभगत से जमीन पर कब्जा कर लिया था।


## गुमशुदा



सूचित है कि मेरे पिता **रिटायर्ड नायब सूबेदार कमलेश बाबू पुत्रश्री झुन्ना लाल** अपने घर लिंकर एनक्लेव बसंतविहार, इज्जत नगर, बरेली से दिनांक 28 जून 2025 प्रातः लगभग 11: 00 बजे घर से बाहर घूमने निकले थे। जिनकी उम्र 49 वर्ष, कद 5 फिट 8 इंच, रंग गेहुआ, मध्यम शरीर, पीली टी-शर्ट व लोअर तथा नीली चप्पल पहने थे। तब से वह लापता है पता देने वाले व पहुँचाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। **संपर्क- नीरज कुमार पुत्रश्री कमलेश बाबू निवासी- लिंकर एनक्लेव बसंत विहार इज्जत नगर बरेली। मो. 9536888916, 7465821708, 9411400915**

## कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ

पत्रांक : 678/उ.कृ.नि./प्रेस-विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक : 30.6.2025

### प्रेस विज्ञप्ति

नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिग योजनान्तर्गत बायो इनपुट रिसॉर्स सेन्टर (बी.आर.सी.) की स्थापना हेतु इच्छुक लाभार्थी अपना आवेदन दिनांक 05.07.2025 अपरान्ह 3:00 बजे तक उप कृषि निदेशक कार्यालय में बी.आर.सी. चयन हेतु बी.आर.सी. प्रस्ताव, व्यवसाय योजना तथा निवेश रणनीति का मूल्यांकन करने के लिए धन की रिहाई का मूल्यांकन अधोलिखित बिन्दुओं पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। एक बी.आर.सी. उद्यमी/समूह/इकाई को प्राकृतिक खेती का अभ्यास होना चाहिए। बी.आर.सी. को अपने स्वयं के खेतों में नेचुरल फार्मिग बायो इनपुट का प्रयोग करना चाहिए। बी.आर.सी. के पास कच्चे माल जैसे पशुधन, संयन्त्र-आधारित बायोमास आदि तक पहुँच होनी चाहिए। बी.आर.सी. के पास गौशाला मूत्र एवं गोबर की आवश्यक मात्रा की आपूर्ति करने के लिए क्षमता होनी चाहिए या गौशाला से अनुबन्ध होना चाहिए। बी.आर.सी. के पास बायो इनपुट और तैयार उत्पादों के भण्डार की तैयारी के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। अन्य SHG, FPO, PACS, GAUSHALA, GRAM PANCHAYAT OR BRC को चलाने के लिए क्षेत्र में किसी अन्य संगठन के साथ साझेदारी का विवरण कोई हो तो।

(मनोज कुमार)
उप कृषि निदेशक, बदायूँ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर पुख्ता वि.खं. उसावां (बदायूं)

पत्रांक:- 43 दिनांक: 30.06.2025

ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर पुख्ता विकास खंड उसावां (बदायूं) में राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) प्रस्तावित/स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल, बजरफुट, सेनेटरी आइटम या मैटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 30.06.2025 से दिनांक 07.07.2025 दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, तथा दिनांक 07.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | साइज | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सोवरन नगला में मंगू लाल के घर से रवेन्द्र की बैठक तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 80 मी. | 450000.00 |
| 2 | गढ़िया चौरा में राजेन्द्र कोरी के घर से कन्हई राजेन्द्र के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 80 मी. | 450000.00 |
| 3 | गढ़िया चौरा में कन्हई लाल के घर से दया शंकर के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 66 मी. | 400000.00 |
| 4 | पंचायत घर का कायाकल्प कार्य। | 1 नग | 490000.00 |
| 5 | आंगनवाडी केन्द्र खेड़ा जलालपुर पुख्ता प्रथम का कायाकल्प कार्य। | 1 नग | 250000.00 |
| 6 | आंगनवाड़ी केन्द्र सोवरन नगला का कायाकल्प कार्य। | 1 नग | 250000.00 |
| 7 | आंगनवाड़ी केन्द्र शिम्भू नगला का कायाकल्प कार्य। | 1 नग | 250000.00 |

श्री ध्यानपाल सिंह (प्रधान) अलख निरंजन (सचिव)

## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पीलीभीत

पत्रांक : एसएसए/नीलामी/2025-26 दिनांक : 30.6.25

### कार्यालय ज्ञाप

महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ.प्र. के पत्र सं.-नि.का./स.शि./जर्जर/4276/2020-21 दिनांक 14.09.2020 एवं शासनादेश सं-855/68.5.2020 दिनांक 03.09.2020 एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक-एसएसए/9316-23/2024-25 दिनांक 18/02/2025 के द्वारा उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रणाधीन परिषदीय प्रा.वि./उ.प्रा.वि. के जर्जर भवनों की नीलामी हेतु गठित समिति के द्वारा निम्न विवरणानुसार की जानी है।

| क्र.सं. | विकास खण्ड का नाम | विद्यालय की संख्या | नीलामी का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | अमरिया | 15 | 10.07.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| 2. | बिलसण्डा | 6 | 03.07.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| 3. | बरखेड़ा | 15 | 04.07.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| 4. | पूरनपुर | 25 | 07.07.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| 5. | ललौरीखेड़ा | 3 | 08.07.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| 6. | बीसलपुर | 8 | 09.07.2025 प्रातः 11:00 बजे |

उक्त नीलामी भवन हेतु बोली दाता किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय नीलामी भवनों की सूची सम्बन्धित बी.आर.सी., अधोहस्ताक्षरी कार्यालय, विकास भवन (दीवार पर चस्पा) एवं एन.आई.सी. की वेबसाईट पर सम्पर्क कर सकते हैं। नीलामी की कार्यवाही सम्बन्धित ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर नियत समय एवं दिनांक पर की जायेगी।

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें :-**

1. नीलामी में जी.एस.टी. में पंजीकृत फर्म नीलामी के दिनांक को कॉलम 9 में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी प्रतिभाग कर सकता है।
2. कोई भी व्यक्ति अथवा फर्म एक अथवा अधिक या समस्त विद्यालयों की नीलामी में भी प्रतिभाग कर सकता है।
3. अधिकतम बोली दाता को उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की समस्त धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समिति खाते में जमा करानी होगी जमा धनराशि की पुष्टि उपरान्त ही ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा।
4. निर्धारित समय में बोली की धनराशि जमा न कराने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा पुनः नीलामी की जायेगी।
5. नीलामी से पूर्व बोलीदाता जर्जर विद्यालय भवन को किसी भी कार्यदिवस में जाकर भौतिक रूप से भी देख सकते हैं।
6. ध्वस्तीकरण का आदेश जारी होने पर 05 दिवस के अन्दर जर्जर भवन ध्वस्त कर अवशेष मलबे को हटाना होगा।
7. असफल बोली दाता की धरोहर राशि नीलामी उपरान्त ही वापस कर दी जायेगी।
8. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का अंतिम निर्णय ही मान्य होगा तथा बिना किसी कारण बताये नीलामी निरस्त करने का अधिकार समिति के पास रहेगा।
9. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद पीलीभीत होगा।
10. क्रयकर्ता को निर्देशित किया जाता है कि ध्वस्तीकरण के समय कोई भी जनधन की हानि नहीं होनी चाहिए। अन्यथा की दशा में आप स्वयं उत्तरदायी होगा।

(अमित कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत


# स्नातक में अब 15 जुलाई तक लिए जाएंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। लगभग एक लाख सीटें खाली होने की वजह से अब स्नातक में 15 जुलाई तक विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों में मेरिट के आधार पर प्रवेश लिए जाएंगे। वहीं परास्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण 10 जुलाई तक होंगे। मेरिट और प्रवेश की अंतिम तिथि बाद में जारी की जाएगी।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर और बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण 20 मई से शुरू हुए थे। सबसे पहले 10 जून पंजीकरण की अंतिम तिथि घोषित की गई थी। अपेक्षित पंजीकरण न होने के बाद इसे 25 जून और फिर 30 जून तक बढ़ा दिया गया है। दो बार तारीख बढ़ने के बाद भी काफी कम संख्या में प्रवेश हुए। अब कुलसचिव की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि 15 जुलाई तक ऑनलाइन मेरिट तैयार कर प्रवेश सुनिश्चित करें।

**स्नातकोत्तर में अब पंजीकरण 10 तक**

स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए पंजीकरण 12 जून से शुरू हुए थे। स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों की लगभग 1.75 लाख सीटों के सापेक्ष अभी करीब 70 हजार आवेदन ही हुए हैं। इस कारण अब स्नातकोत्तर में पंजीकरण के लिए तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। समर्थ पोर्टल पर छात्र 150 रुपये की आनलाइन फीस जमाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

**3 जुलाई तक होगा फॉर्म में अपडेशन**

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने यूजी-पीजी के साथ ही एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में समर्थ पोर्टल के जरिए पंजीकरण करने वाले छात्रों के फार्म अपडेशन की विंडो को 3 जुलाई तक खोल दिया है। कुलसचिव संजीव कुमार ने अभ्यर्थियों से समर्थ लॉगिन आईडी के माध्यम से संशोधन का निर्देश दिया है ताकि ऑनलाइन मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने या प्रवेश परीक्षा के बाद काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने में कोई असुविधा न हो।


## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड — ई-नीलामी बिक्री सूचना

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ई-मेलः auction@hindujahousingfinance.com
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785 सीएलएम - शान्तनु प्रताप सिंह-9918837339, सीआरएम-दीपक कुमार शर्मा - 9359650607

**ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV A) (नियम 8(6))**

**हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल)** जिसका कॉर्पोरेट कॉर्या : 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई - 600015 और शाखा कार्यालयः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001, को बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के तहत। जबकि एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित ऋण खातों/संभाव्य सं. में निम्नलिखित संपत्ति को बेचने के अधिकार के साथ कब्जा कर लिया था। बकाया राशि की वसूली हेतु **'जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है** के आधार पर बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

**संपत्ति के निरीक्षण की तिथिः 28-जुलाई-2025 1100 बजे से 1400 बजे तक**
**ईएमडी की अंतिम तिथिः 29-जुलाई-2025 शाम 5 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि/समयः 30-जुलाई-2025 1100 बजे से 1300 बजे तक**

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. और कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रो) का नाम/ | धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि और राशि / कुल बकाया | अचल सम्पत्तियां /प्रतिभूति आस्तियों का विवरण | कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य (आरपी) / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आरपी का 10 प्रतिशत / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000000958 1. श्री अतुल कुमार शर्मा (उधारकर्ता) 2. श्रीमती देविका शर्मा (सह-उधारकर्ता) | 29-08-2024 & 31,90,299/- / ₹ 31,90,299/- 30-08-2024 तक | गांव धोरेरा माफी खसरा नं. 229 तहसील और जिला बरेली, यूपी-243001 में स्थित संपत्ति, माप -67.72 वर्ग मी. दिशा/सीमाएं - उत्तर- प्लॉट सक्सेना जी, दक्षिण - भूमि विक्रेता, पूर्व- खेत वीरपाल, पश्चिम- रास्ता 20 फीट | सांकेतिक कब्जा 21-05-2025 | ₹ 36,60,000/- / ₹ 3,66,000/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 1 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA0958 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 2 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000001325 1. श्रीमती गीता माथुर (उधारकर्ता) 2. श्री हर प्रकाश माथुर (सह-उधारकर्ता) | 31-07-2024 & 17,60,342/- / ₹ 17,60,342/- 30-08-2024 तक | वार्ड नं. 30 आलोक नगर, कंजादासपुर, अर्ध शहरी, बरेली, उप-243001 में स्थित संपत्ति, माप -83.61 वर्ग मीटर, दिशा/सीमाएं उत्तर- रास्ता 16 फीट, दक्षिण- जीवन सिंह बिष्ठ का घर, पूर्व- नीलेश वर्मा का घर, पश्चिम- रास्ता 15 फीट चौड़ा | सांकेतिक कब्जा 17-12-2024 | ₹ 24,54,000/- / ₹ 2,45,400/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 2 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA1325 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 3 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000001183 1. श्रीमती हरमनजीत कौर (उधारकर्ता) 2. श्री सुखप्रीत सिंह (सह-उधारकर्ता) | 30-07-2024 & 35,39,440/- / ₹ 35,39,440/- 06-12-2024 तक | सम्पत्ति जोकि खेत नं. 185-186, तुलाशेपुर, सेमीअर्बन, बरेली, उ. प्र. -243122 माप -83.61 वर्ग मीटर, दिशा/सीमा उत्तर- नरेश कुमार का मकान, दक्षिण- सुरेश कुमार का मकान, पूर्व- 25 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम- गंगवार का मकान | सांकेतिक कब्जा 17-12-2024 | ₹ 24,54,000/- / ₹ 2,45,400/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 3 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA1183 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 4 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000001230 1. श्री मोहित गंगवार (उधारकर्ता) 2. श्रीमती शोभा देवी (सह-उधारकर्ता) 3. श्री बृजेश कुमार गंगवार (सह - उधारकर्ता) | 28-03-2024 & 33,25,241/- / ₹ 33,25,241/- 10-03-2024 तक | संपत्ति गांव- सैदपुर हकनास, तहसील और जिला- बरेली, उप्र.- 243001 में स्थित है। माप -141.78 वर्ग मीटर, दिशा/सीमा उत्तर- कॉलोनी की दीवार की सीमा, दक्षिण- गुप्ता जी का मकान, पूर्व- रास्ता 18 फीट चौड़ा, पश्चिम- वेगराज वर्मा का मकान | सांकेतिक कब्जा 27-03-2025 | ₹ 40,50,000/- / ₹ 4,05,000/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 4 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA1230 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 5 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000001456 1. श्री नीलेश वर्मा (उधारकर्ता) 2. श्रीमती शालिनी जी (सह-उधारकर्ता) | 31-07-2024 & 20,08,032/- / ₹ 20,08,032/- 16-07-2024 तक | संपत्ति अंबिका विहार फेज- 3 में स्थित आवासीय मकान खेत नं. 1051 में विहारमान नगला, वीर सावरकर नगर बरेली, उप- 243122 में स्थित है। माप -375.66 वर्ग फीट दिशा/सीमा उत्तर- संजीव शर्मा का मकान, दक्षिण- सड़क 12 फीट चौड़ी, पूर्व- नीलेश वर्मा का मकान, पश्चिम- सड़क 15 फीट चौड़ाई | सांकेतिक कब्जा 17-12-2024 | ₹ 17,29,000/- / ₹ 1,72,900/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 5 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA1456 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 6 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000000445 1. श्री पुष्पेंद्र सिंह (उधारकर्ता) 2. श्रीमती मीना देवी (सह-उधारकर्ता) | 26-03-2024 & 9,83,664/- / ₹ 9,83,664/- 10-03-2024 तक | संपत्ति बाग बाकी कस्बा आंवला सेमिअर्बन बरेली उप्र- 243301 माप-83.61 वर्ग मीटर दिशा/सीमा - उत्तर-प्लॉट हीना, दक्षिण-प्लॉट मीना, पूर्व-रास्ता 25 फीट, पश्चिम-प्लॉट विक्रेता | सांकेतिक कब्जा 23-09-2024 | ₹ 15,63,000/- / ₹ 1,56,300/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 6 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA0445 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 7 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000001249 1. श्री संजीव कुमार (उधारकर्ता) 2. श्रीमती अमिता देवी (सह-उधारकर्ता) | 26-03-2024 & 23,05,883/- / ₹ 23,05,883/- 10-03-2024 तक | संपत्ति हारू नगला खसरा संख्या 80,81,104,105 तहसील जिला बरेली उप्र- माप-86.95 वर्ग मीटर, दिशा/सीमा - उत्तर-भूमि की सीमा, दक्षिण-भूमि, पूर्व-सड़क 18 फीट चौड़ी, पश्चिम- अन्य व्यक्ति का प्लॉट | सांकेतिक कब्जा 31-12-2024 | ₹ 20,23,200/- / ₹ 2,02,320/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 7 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA1249 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 8 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000000537 1. श्री सत्य प्रकाश (उधारकर्ता) 2. श्रीमती गीता देवी (सह-उधारकर्ता) | 26-03-2024 & 6,88,404/- / ₹ 6,88,404/- 10-03-2024 तक | संपत्ति ग्राम- सरेरा तहसील बदायूं, जिला- बदायूं, उप्र माप-83.64 वर्ग मीटर दिशा/सीमा उत्तर-प्लॉट हरी चबारा, दक्षिण-प्लॉट पप्पू एवं अन्य, पूर्व-रास्ता 15 फीट, पश्चिम- प्लॉट रविंद्र व अन्य | सांकेतिक कब्जा 31-12-2024 | ₹ 16,92,000/- / ₹ 1,69,200/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 8 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA0537 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 9 | ऋण खाता सं. UP/BLY/BDAN/A000000012 1. श्री शिवम माहेश्वरी (उधारकर्ता) 2. श्रीमती ममता माहेश्वरी ( सह-उधारकर्ता) | 31-07-2024 & 4,62,822/- / ₹ 4,62,822/- 16-07-2024 तक | संपत्ति मोहल्ला महाराजपुरम, तहसील आंवला, जिला बरेली, यूपी- 243301 में स्थित है, माप -84 वर्ग मीटर, दिशा/सीमा - उत्तर- विवेक शर्मा की संपत्ति, दक्षिण- नत्थू लाल की संपत्ति, पूर्व- भगवान दास की संपत्ति, पश्चिम- रास्ता 10 फीट चौड़ा | सांकेतिक कब्जा 18-12-2024 | ₹ 13,74,000/- / ₹ 1,37,400/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 9 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA012 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 10 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000000954 1. श्री सुखप्रीत (उधारकर्ता) 2. श्रीमती कुलविंदर (सह-उधारकर्ता) | 30-07-2024 & 43,34,299/- / ₹ 43,34,299/- 16-07-2024 तक | संपत्ति खसरा नं. 185, 186, गांव तुलापुर तहसील व जिला बरेली, यूपी में स्थित है, माप -91.97 वर्ग मीटर दिशा/सीमा - उत्तर- मकान नं. 140 बी, दक्षिण- रास्ता 30 फीट चौड़ा, पूर्व- रास्ता 30 चौड़ा, पश्चिम- मकान नं. 14 डी | सांकेतिक कब्जा 17-12-2024 | ₹ 48,94,000/- / ₹ 4,89,400/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 10 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLY954 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 11 | ऋण खाता सं. UP/LKN/BRLY/A000000826 1. श्री तरमीन खान (उधारकर्ता) 2. श्रीमती कुलविंदर (सह-उधारकर्ता) | 30-07-2024 & 24,65,878/- / ₹ 24,65,878/- 16-07-2024 तक | संपत्ति खसरा नं. 185, 186, गांव तुलापुर तहसील व जिला बरेली, यूपी में स्थित है, माप -91.97 वर्ग मीटर दिशा/सीमा - उत्तर- मकान नं 140 बी, दक्षिण- रास्ता 30 फीट चौड़ा, पूर्व- रास्ता 30 चौड़ा, पश्चिम- मकान नं 14 डी | सांकेतिक कब्जा 31-12-2024 | ₹ 28,48,000/- / ₹ 2,84,800/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 11 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLY826 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |
| 12 | ऋण खाता सं. UP/BLY/BDAN/A000000041 1. श्री विनोद कुमार मिश्रा (उधारकर्ता) 2. श्रीमती कुलविंदर (सह-उधारकर्ता) | 26-06-2023 & 17,75,273/- / ₹ 17,75,273/- 29-09-2023 तक | संपत्ति गांव- महाराजपुरम तहसील आंवला जिला बरेली उत्तर प्रदेश में स्थित है, माप- 84 वर्ग मीटर, दिशा/सीमाएं- उत्तर- विवेक शर्मा की संपत्ति, दक्षिण- नत्थू लाल की संपत्ति, पूर्व- नत्थू लाल की संपत्ति, पश्चिम- रास्ता 10 फीट चौड़ा | सांकेतिक कब्जा 29-09-2023 | ₹ 19,23,000/- / ₹ 1,92,300/- / ₹ 10,000/- |
| | | भुगतान का प्रकारः- क्र.सं. 12 हेतु - सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आईएमपीएस/आरटीजीएस के माध्यम से एचडीएफसी बैंक को देय होंगे। खाते का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः- एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLY041 घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | |

**ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तेः -** 1. संपत्ति को **"जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है और बिना किसी दायित्व रहित"** आधार पर बेचा जा रहा है। इस तरह की बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है।2. संपत्ति / परिसंपत्तियों का विवरण (अर्थात् ई-नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट सीमा और माप को सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत-बयान या चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। वास्तविक मौजूदा और मापन अलग-अलग हो सकते हैं।3. सुरक्षित लेनदार द्वारा जारी ई-नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां जमा करने के लिएएक निमंत्रण है और इसे सुरक्षित लेनदार की ओर से कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार के साथ शीर्षक विलेखों की प्रतियों का उपयोग करें और बोलियां प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति / परिसंपत्तियों और दावों / देय राशियों के स्वामित्व और वर्तमान स्थिति के बारे में स्वयं की स्वतंत्र पूछताछ / उचित परिश्रम करें जो संपत्ति को प्रभावित करते हैं।4. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" या सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** द्वारा प्रदान की गई नीलामी के माध्यम से होगी, जो नीलामी की पूर्ण प्रक्रिया को ई-नीलामी मंच द्वारा व्यवस्थित और समन्वयित करेगा। 5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी खुद बोली लगाने वाले को सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित लेनदार/सेवा प्रदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, स्वयं के सिस्टम क्रैश, बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।6. विवरण, सहायता, प्रक्रिया हेतु तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन बोली लगाने वाले संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., 605ए, पताः सी1 इंडिया प्रा. लि. तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 68 सेक्टर-44, गुड़गांव, हरियाणा-122003, (हेल्प लाइन नं. +91-124-4302000) सहायता ईमेल **support@bankeauctions.com**, (सहायता मोबाइल नं. **7291981124/1125/1126**) श्री मिथलेश कुमार मोबाइलः 7080804466. ईमेलः **Mithalesh.kumar@c1india.com, delhi@c1india.com** से संपर्क कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम **https://bankeauctions.com** पर पहले से पंजीकृत कर लेना चाहिए और यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त करने के तुरंत बाद ही उसे बदल दें।7. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को "हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में Demand Draft/NEFT/RTGS/IMPS के माध्यम से आरक्षित मूल्य (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) का 10 प्रतिशत की वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) उक्त वर्णित तिथि तक या उससे पहले जमा करना होगा। 8. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली फॉर्म (**https://bankeauctions.com** पर उपलब्ध प्रारूप), प्राधिकृत अधिकारीएचएचएफएल क्षेत्रीय कार्यालय हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, द्वितीय तल, 212B & 212C, प्लॉट नं. TC/G-2/2 और TC/G-5/5 साईबर हाईट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 को संबोधित सीलबंद लिफाफे में ईएमडी प्रेषण के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। संपत्ति के लिए ऋण खाता नं. (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए मुहरबंद कवर को बोली के साथ लिखा जाना चाहिए (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है)9. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि की समाप्ति के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उसके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं के विवरण की पुष्टि करेगा (जिन्होंने आरक्षित मूल्य के ऊपर और ऊपर अपनी बोलियां उद्धृत की हैं और निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान सुरक्षित लेनदार) सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** को ई-नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित तिथि और समय पर केवल उन बोलीदाताओं को ऑनलाइन इंटर-से बोली/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने के लिए सक्षम बनाता है।10. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक "10" मिनट का असीमित विस्तार होगा, अर्थात ई-नीलामी का अंतिम समय स्वचालित रूप से प्रत्येक बार 10 मिनट तक बढ़ाया जाएगा यदि बोली अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर की जाती है।11. एक बार की गई बोलियों को रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा। बोलीदाता को दी गई यूजर आईडी से की गई सभी बोलियां उसके द्वारा अकेले की गई समझी जाएंगी। 12. सफल बोलीदाता बिक्री के उसी दिन बोली राशि (ईएमडी सहित) का 25% और शेष बोली राशि का 75% DD/Pay order/NEFT/RTGS/IMPS द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करेगा।13. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि के भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।14 सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली राशि की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में और समय दे सकता है।15. सफल बोलीदाता टीडीएस (बिक्री से बाहर) के लिए बिक्री मूल्य का 1% का भुगतान करेगा और अधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करेगा और ईएमडी को समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस की ओर 1% की कटौती के बाद) जमा करेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त समझे जाने वालेऐसे अन्य विस्तारित समय के भीतर, जिसके गिरने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।16. नगरपालिका/पंचायत कर, बिजली देय (यदि कोई हो) और किसी अन्य प्राधिकरण देय राशि (यदि कोई हो) का भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने से पहले किया जाना है। संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक देय राशि को ध्यान में रखते हुए बोलियां लगाई जाएंगी।17. सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र केवल संपूर्ण खरीद मूल्य / बोली राशि जमा करने और सभी करों / शुल्कों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जारी किया जाएगा।18. कानूनी शुल्क, स्टांप ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और किसी भी प्रकार के अन्य आकस्मिक प्रभार नीलामी खरीदार द्वारा वहन किया जाएगा।19. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही को स्थगित/रद्द कर सकता है। यदि निर्धारित ई-नीलामी बिक्री को बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 दिन पहले बाद की तारीख में स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।20. अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद है।21. बोली प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया गया माना जाएगा और वे उनके द्वारा बाध्य होंगे।22. अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, प्राधिकृत अधिकारी श्री शांतनु प्रताप सिंह, मो. नं. **9918837339,** ईमेलः **shantanupratap.singh@hindujahousingfinance.com** और **auction@hindujahousingfinance.com** से संपर्क करें।23. यह प्रकाशन प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त ऋण खाते के ऋणी/बंधक/गारंटरों को उपरोक्त पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 30 दिनों का नोटिस भी है। -उल्लिखित तिथि/स्थान

स्थान : बरेली
दिनांकः 30-06-2025

प्राधिकृत अधिकारी,
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**विशेष निर्देश/सावधानीः अंतिम मिनट/सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में बोली लगाने से बचना चाहिए।ऐसे मामलों में बोलीदाता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली की विफलता, आदि) के लिए न तो हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा।ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक-अप बिजली की आपूर्ति और जो कुछ भी आवश्यक हो, ताकि वेऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।**

# वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण

## आरबीआई के गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- वैश्विक आर्थिक बदलाव से बढ़ती हैं चुनौतियां

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं।

उन्होंने जून के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में कहा, वित्तीय क्षेत्र के नियामक ग्राहकों की सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे दक्षता और वृद्धि में सुधार तथा सुरक्षा और मजबूती के बीच सही संतुलन बनाते हैं। गवर्नर के अनुसार, कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं। इसमें व्यापार में बढ़ता विखंडन, प्रौद्योगिकी बदलाव, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा, ये आर्थिक आकलन को कठिन और नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। इसलिए, अनिश्चितता के कोहरे से बाहर निकलने के दौरान भी केंद्रीय बैंकों और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के लिए अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों की सुरक्षा में सतर्क, विवेकपूर्ण और चुस्त बने रहना जरूरी है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में केंद्रीय बैंक की कोशिश एक अच्छी तरह से काम करने वाली वित्तीय प्रणाली विकसित करने की है, जो न केवल व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे, बल्कि कुशलतापूर्वक वित्तीय सेवाएं भी प्रदान करे।

### बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9% पर

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9% की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9% थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का 95% है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8% की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2% की वृद्धि हुई थी।

### एनपीए कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर

**मुंबई।** बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) मार्च, 2025 में घटकर कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर आ गई हैं। आरबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2024 में बैंकों का जीएनपीए 2.6% था। रिजर्व बैंक की अर्ध-वार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 बैंकों के जीएनपीए मार्च, 2027 तक बढ़कर 2.6% पर पहुंच सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दशक के उत्तरार्ध में बैंकिंग प्रणाली के लिए डूबा कर्ज सबसे बड़ी चुनौती रहा है। हालांकि, पिछले कुछ साल के दौरान मुख्य अनुपात के स्तर पर प्रणाली में लगातार सुधार हो रहा है।

### वैश्विक वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनी भारतीय अर्थव्यवस्था

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और विवेकपूर्ण नीतियों से वैश्विक वृद्धि का केंद्र बनी हुई है। आरबीआई ने कहा कि बढ़ी हुई आर्थिक और व्यापार नीति अनिश्चितताएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। वित्तीय बाजार अस्थिर हैं, विशेष रूप से सरकारी बॉण्ड बाजार। ऐसा बदलती नीतियों और भू-राजनीतिक वातावरण के चलते है। बढ़ते सार्वजनिक ऋण स्तर और उच्च परिसंपत्ति मूल्यांकन जैसी मौजूदा कमजोरियों में नए झटकों को बढ़ाने की क्षमता है।

# नई व्यवस्था से बदलेगा रोजमर्रा का जीवन

1 जुलाई से कई नियमों में बदलाव होने वाला है, जिनका असर आमजन की जेब, यात्रा, वाहन, टैक्स और बैंकिंग व्यवस्था पर पड़ेगा। रेलवे ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में वृद्धि की घोषणा की है, वहीं क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान का नया सिस्टम अनिवार्य हुआ है। पैन कार्ड नियम सख्त हुए हैं, आयकर तथा जीएसटी रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। ये बदलाव पारदर्शिता बढ़ाने और पर्यावरण सुधार की दिशा में उठाए गए कदम हैं।

बात काम की

### 1- रेलवे टिकट महंगा होगा

रेल मंत्रालय 1 जुलाई से मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के नॉन-एसी में प्रति किमी 1 पैसा व एसी क्लास में 2 पैसे की वृद्धि हुई है। 500 किमी की यात्रा और मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) में बदलाव नहीं हुआ है। 500 किमी से अधिक दूरी के यात्रियों को प्रति किमी आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा।

### 2- पैन कार्ड नियम सख्त

अब नए पैन कार्ड के लिए आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने यह नियम लागू किया है, जिनके पास पहले से पैन और आधार दोनों हैं, उन्हें 31 दिसंबर 2025 तक लिंक करना जरूरी है। यह कदम पहचान सत्यापन और फर्जीवाड़ा रोकने को उठाया गया है।

### 3- क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान में बदलाव

भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्देश दिया है कि अब सभी क्रेडिट कार्ड बिलों का भुगतान भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए होगा। इससे बिलडेस्क, फोनपे, क्रेड जैसे ऐप्स प्रभावित हो सकते हैं। फिलहाल केवल 8 बैंकों ने इस प्लेटफॉर्म पर सेवा शुरू की है।

### 4- पुराने वाहनों पर फ्यूल बैन

दिल्ली में 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को पेट्रोप पंप से फ्यूल नहीं दिया जाएगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से यह नियम प्रदूषण को कम करने के लिए लागू किया गया है।

### 5- जीएसटी रिटर्न प्रक्रिया बदलेगी

जीएसटीएन ने घोषणा की है कि जुलाई 2025 से जीएसटीआर-3बी फॉर्म अब संशोधित नहीं हो सकेगा। यह फॉर्म जीएसटीआर-1 और 1ए से स्वत: भरेगा और करदाता इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे। यह कदम टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता और सटीकता बढ़ाने को उठाया गया है।

### 6- आईटीआर की तारीख बढ़ी

आयकर विभाग ने आईटीआर फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। यह उन करदाताओं के लिए राहत है जो समय पर दस्तावेज नहीं जुटा पाते। हालांकि विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं।

## जल्द आएगी 2025-45 के लिए राष्ट्रीय सहकारी नीति : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया फरवरी 2026 तक दो लाख पैक्स का लक्ष्य

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार जल्द ही 2025 से 2045 तक के लिए प्रभावी राष्ट्रीय सहकारी नीति की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित करने और देश के 1.4 अरब लोगों के लिए रोजगार पैदा करने के प्रयासों का हिस्सा है।

शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर राज्य सहकारिता मंत्रियों की बैठक में कहा कि नीति का लक्ष्य 5 साल में भारत के हर गांव में सहकारिता स्थापित करना है। इसके तहत फरवरी, 2026 तक दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति के तहत प्रत्येक राज्य की सहकारिता नीति उस राज्य की सहकारिता स्थितियों के अनुसार तैयार की जाएगी और विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे।

## राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 0.8% रहा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8% रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

गत वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 3.1% था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4% या 15.69 लाख करोड़ रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के अनुसार, अप्रैल-मई, 2025 के दौरान राजकोषीय घाटा 13,163 करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 0.8% रहा। शुद्ध कर राजस्व 3.5 लाख करोड़ या बजट अनुमान 2025-26 का 12.4% दर्ज किया गया। पिछले साल इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 12.3% था।

## थमी तेजी, सेंसेक्स 452 अंक गिरा

**मुंबई।** शेयर बाजार में चार सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा। सेंसेक्स में 452 अंक तो निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स की एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहे। वहीं ट्रेंट, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे। बीएसई स्मॉलकैप 0.81 तो मिडकैप 0.67% की मजबूती रही।

## औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 9 माह के निचले स्तर 1.2% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण, खनन व बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2% पर रही है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई माह में 6.3% थी।



- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई में 6.3% थी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6% कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7% रहने का अनुमान था। अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज हुई थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर थी। एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि इस साल मई में घटकर 2.6% रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.1% थी। वहीं खनन उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 6.6% की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन में 5.8% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बिजली उत्पादन 13.7% बढ़ा था। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 1.8% की वृद्धि हुई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7% थी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, मानसून के जल्दी आने से खनन क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और बिजली की मांग में कमी आई है। इस वजह से आईआईपी के इन दोनों उप-क्षेत्रों में मई में गिरावट आई है, जबकि विनिर्माण में वृद्धि धीमी रही है। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है।



### एक नजर

#### अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास 60 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 60 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव बताया कि इस मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू कश्मीर से कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

#### सीएम के काफिले में अन्य वाहन का प्रवेश, 5 गिरफ्तार

**कोझिकोड (केरल)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के काफिले में एक वाहन के घूसने के बाद 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना एलथुर के पास रविवार सुबह सवा 10 बजे हुई जब मुख्यमंत्री सरकारी अतिथि गृह जा रहे थे। पुलिस ने वाहन से एक वॉकी-टॉकी भी जब्त की। वाहन पर कोई नंबर प्लेट नहीं था। वाहन को तीन बार काफिले से दूर रहने की चेतावनी दी गई लेकिन इसके बावजूद वाहन उच्च सुरक्षा काफिले में घूसा गया। अधिकारियों ने वेस्ट हिल चुंगम में वाहन को रोका और वाहन में मौजूद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

#### जेएनयू के लापता छात्र का मामला होगा बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सीबीआई को जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) के प्रथम वर्ष के छात्र नजीब अहमद की गुमशुदगी मामले को बंद करने की सोमवार को अनुमति दे दी। वह 15 अक्टूबर 2016 को लापता हो गया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति माहेश्वरी ने एजेंसी की 'क्लोजर रिपोर्ट' को स्वीकार कर लिया।

# नमाजवाद छिपाने को ली समाजवाद की आड़

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने सोमवार को विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने और अपने नमाजवाद को छिपाने के लिए समाजवाद की आड़ लेने का आरोप लगाया। भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की भी उनकी उस टिप्पणी के लिए आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनका गठबंधन बिहार में सत्ता में आता है, तो संशोधित वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देगा।



- सुधांशु त्रिवेदी ने की वक्फ कानून पर तेजस्वी के रुख की आलोचना
- बिहार में इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में राजद-कांग्रेस-वाम दलों के इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया है, क्योंकि यह अधिनियम संसद द्वारा पारित था और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। वे ना तो संसद का सम्मान करते हैं और ना ही न्यायपालिका का। भाजपा प्रवक्ता ने निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा पर विपक्ष की आलोचना को खारिज कर दिया, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई है। उन्होंने कहा कि यह आलोचना उनकी अपरिहार्य हार के मद्देनजर उनकी पराजयवादी मानसिकता से उपजी है। ये दल फर्जी मतदाता चाहते हैं, जबकि यह तय करना जरूरी है कि केवल पात्र भारतीय ही सरकार चुन सकें।

आयोग ने कहा है कि यह नियमित प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं को ही सूची में शामिल करना है। विपक्षी दलों ने दावा किया है कि आयोग जानबूझकर पात्र मतदाताओं को बाहर कर सकता है। बिहार में विस चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में आयोजित रैली में वक्फ (संशोधन) अधिनियम की तीखी आलोचना पर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है।

### शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है विपक्ष

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन पिछले दरवाजे से शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है। तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य ओबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं और प. बंगाल भी इसकी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ इन दलों का महज दिखावा है, क्योंकि इनका असली चेहरा शरिया लाओ है। अगर वे सत्ता में आए, तो संविधान की प्रस्तावना में नमाजवाद जोड़ देंगे। वे संविधान को शरिया स्क्रिप्ट में बदलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संविधान के प्रावधान को कूड़ेदान में नहीं फेंकने देगा। उन्होंने कहा कि वे जिन शरिया प्रावधानों की वकालत कर रहे हैं, वे सऊदी अरब, पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे इस्लामी देशों में भी लागू नहीं हैं।

## बोधगया मंदिर अधिनियम पर सुनवाई से शीर्ष इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट का रुख करने को कहा। बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। यह भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े चार पवित्र क्षेत्रों में से एक है।

बोधगया मंदिर अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष पेश हुई। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से याचिका में उठाए मुद्दे पर पूछा। वकील ने कहा, याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि बोधगया मंदिर अधिनियम को अवैध बताते हुए रद्द किया जाए। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट जाना चाहिए। आप ये मामला हाईकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं उठाते? न्यायालय ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

### ललित मोदी की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने फेमा के उल्लंघन के लिए ईडी द्वारा उन ऊपर लगाया गया 10.65 करोड़ का जुर्माना बीसीसीआई को अदा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ याचिका खारिज की। गत 19 दिसंबर को मुंबई हाईकोर्ट ने ललित मोदी पर 1 लाख का जुर्माना लगाते हुए उनकी वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन पर ईडी द्वारा लगाए जुर्माने का भुगतान बीसीसीआई को करने का आदेश देने का अनुरोध किया था।

## संविधान का एक शब्द भी छुआ गया तो हम पूरी ताकत से लड़ेंगे : खरगे

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि अगर संविधान में किसी एक शब्द को भी छुआ गया तो इसके खिलाफ उनकी पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के आह्वान पर यह टिप्पणी की।



- कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा संबंधी होसबाले के आह्वान पर की टिप्पणी

बेंगलुरु स्थित आवास पर खरगे ने दावा किया कि होसबाले मनुस्मृति को मानने वाले हैं। वह नहीं चाहते कि गरीब आगे आएं। जो हजारों साल पहले होता था, वह उसी व्यवस्था को जारी रखना चाहते हैं। इसलिए उन्हें समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पसंद नहीं है। खरगे के मुताबिक, ये सिर्फ होसबाले का मत नहीं है, बल्कि आरएसएस का मत है। उन्होंने आरोप लगाया, आरएसएस गरीबों, दलितों और और अन्य समुदायों के खिलाफ है। यदि उन्हें इतनी ही रुचि है, तो वे अस्पृश्यता को हटा सकते थे।

### गुलजार हुई घाटी



डोडा जिले में पहलगाम हमले के बाद बंद भद्रवाह-चंबा अंतर्राज्यीय सड़क के दोबारा खुलने के बाद यहां पर्यटन फिर से गुलजार होने लगा है। सुरक्षाबलों की निगरानी में पर्यटक यहां की वादियों का आनंद लेते नजर आए। एजेसी

## राजा के परिवार ने सोनम को दिए थे 16 लाख के जेवरात

राजा रघुवंशी हत्याकांड

**इंदौर (मप्र)।** हनीमून हत्याकांड मामले में राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि सोनम को उनके परिवार ने विवाह के दौरान 16 लाख के जेवरात तोहफे में दिए थे। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यह दावा मेघालय पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के रतलाम से रविवार को अहम सबूत के तौर पर कुछ जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद होने के अगले दिन किया। ये सामान हत्याकांड के सबूत छिपाने और मिटाने के आरोप में गिरफ्तार इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर उसकी पत्नी के मायके से बरामद हुआ। बरामदगी के अगले दिन विपिन इंदौर पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के दफ्तर में दिखाई दिए जहां जांच के लिए मेघालय पुलिस के दल ने डेरा डाल रखा है।

## सीबीआई जांच को जनहित याचिका दायर

कोलकाता, एजेंसी

### विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करके विधि छात्रा से उसके महाविद्यालय में पूर्व छात्र और दो अन्य छात्रों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई को इसकी जांच करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध हैं, निष्पक्ष जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाए।

#### पहले रची साजिश, पीड़िता पर थी नजर

विधि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में गिरफ्तार चार लोगों में से तीन ने इसकी साजिश पहले ही रची थी। जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीन आरोपियों – मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद का छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। तीनों ऐसी घटनाओं को मोबाइल फोन से रिकॉर्ड करते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करते थे। घटना की पहले से ही साजिश रच ली गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। कॉलेज में दाखिले के दिन से ही मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था।

#### लॉ कॉलेज में कक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म किए जाने के बाद कॉलेज के प्राधिकारियों ने सभी छात्रों के लिए अनिश्चितकाल तक कक्षाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय कॉलेज के संचालन निकाय ने लिया है। कॉलेज प्राधिकारियों द्वारा 29 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है, कॉलेज की बीए एलएलबी और एलएलएम (सामान्य और ऑनर्स) की सभी कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

## भगदड़ के एक दिन बाद पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**पुरी (ओडिशा)।** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में 3 लोगों की मौत और 50 के घायल होने के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़ पड़े।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार की घटना के मद्देनजर श्री गुंडिचा मंदिर के सामने अवरोधक लगा दिए गए हैं और मंदिर के अंदर स्थित अडापा मंडप (वह मंच जहां देवता बैठते हैं) में देवताओं के सुचारू दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं के प्रवेश के बाद कई अनुष्ठानों से सोमवार रात को पाहुड़ा (देवताओं के विश्राम के लिए मंदिर के द्वार बंद करना) नहीं किया गया। मंदिर के अधिकारी ने बताया, सोमवार को सुबह 7.40 बजे मंगल आरती हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के अनुष्ठान में भाग लिया।

## बारिश और भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध , कई इमारतें ढहीं

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को भारी बारिश से कुछ इमारतें ढह गईं, कई इलाकों में भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध हो गईं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश व बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से मंडी में 129 व सिरमौर जिले में 92 सहित राज्य में 259 सड़कें बंद हो गईं तथा 614 ट्रांसफार्मर और 130 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हो गईं।

20 जून से अब तक राज्य में वर्षाजनित घटनाओं में 23 की मौत हो चुकी है। मानसून की तैयारियों की समीक्षा को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सभी से मौसम संबंधी सलाह का पालन करने व नदियों के पास जाने से बचने का आग्रह किया तथा राज्य के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को सतर्क रहने का निर्देश दिया। सोमवार को सुबह शिमला के उपनगरीय क्षेत्र भट्टाकुफर में पांच मंजिला इमारत ढह गई वहीं रामपुर के सिकासेरी गांव में बादल फटने से एक बाड़े से कई मवेशी बह गए।

### मानसून का कहर



शिमला के भट्टा कुफर में भारी बारिश के बाद ढह गए बहुमंजिला इमारत का मलबा।

### जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को जुलाई में देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया और मध्य भारत, उत्तराखंड और हरियाणा के लोगों को बाढ़ के संभावित खतरे से सतर्क रहने का सुझाव दिया। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि कई क्षेत्रों में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की उम्मीद है, लेकिन पूर्वोत्तर, उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है।

## एक नजर



इंग्लैंड के एजबेस्टन में गेंदबाजी का अभ्यास करते मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### रॉकेट क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे भाटिया

**डेट्रॉयट :** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर रॉकेट क्लासिक गोल्फ के चौथे दौर के आखिरी 12 होल में नौ बर्डी लगाकर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी भाटिया तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55 वें पायदान पर थे लेकिन आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन के बूते उन्होंने अपना अभियान संयुक्त 26वें स्थान के साथ खत्म किया। उनका कुल स्कोर 15 अंडर का रहा। भाटिया ने तीसरे और पांचवें होल में बोगी किया लेकिन फिर सातवें से 10वें होल और 12वें से 15 वें होल तक दो बार लगातार चार बर्डी के साथ शानदार वापसी की। उन्होंने 18वें होल में भी बर्डी लगा कर शुरुआती तीन दौर के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडा। भाटिया ने शुरुआती तीन दौर में 68, 70, 70 के कार्ड खेले थे।

### स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है।

### छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की

**रूपनगर :** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता की कमी चिंता का विषय

## आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने कुलदीप और अर्शदीप को चुनने की सलाह दी

**लंदन, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी।

भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाये। चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के लिये अपने कॉलम में लिखा हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी, लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरूआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है। लेकिन भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था। भारत के पूर्व कोच ने कहा बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को टीम में जगह मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कुलदीप यादव को भी उतारना चाहिये जो शेन वॉर्न के बाद कलाई का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।

### ईसीबी ने ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया: फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम :** दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान सीरीज शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया।

### इंग्लैंड ने एकादश में कोई नहीं किया बदलाव अभ्यास में शामिल नहीं हुए आर्चर

**बर्मिंघम :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण सोमवार को एजबेस्टन में टीम की अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बने। आर्चर के बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को टीम में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने हालांकि हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करने वाली एकादश को दूसरे टेस्ट के लिए बरकरार रखने का फैसला किया है। दायें हाथ का यह तेज गेंदबाज पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं था। उन्हें अब एकादश का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करना होगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।



कुलदीप यादव।



भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। ● एजेंसी

# बुमराह पर फैसला अगले 24 घंटे में, लेकिन दो स्पिनरों के खेलने की संभावना : सहायक कोच

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी।

कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस सीरीज में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाज



की और फिर फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की।

भारतीय टीम सीरीज को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं। उन्होंने कहा हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है। उन्होंने कहा, हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे। फायदा से मेरा मतलब मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन से है। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉड्र्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है। भारतीय टीम के सीरीज में पिछड़ने के बाद बुमराह को टीम में शामिल करने बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा यह लुभावना तो है, लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम जसप्रीत के बिना भी सीरीज को 1-1 कर सकते हैं।

# आयुष ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन खिताब

**आयोवा (अमेरिका), एजेंसी**

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था।



> यह जीत काफी मायने रखता है, यह सीनियर सर्किट पर मेरा पहला खिताब है। मैं बहुत खुश हूं। मैंने यहां बहुत बढ़िया बैडमिंटन खेला। मैं अब अगले सप्ताह कनाडा ओपन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।
>
> -आयुष शेट्टी, बैडमिंटन खिलाड़ी

### तन्वी को फाइनल में मिली शिकस्त

महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। तन्वी ने कहा मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। मैं फाइनल के लिए कोर्ट में आने से पहले थोड़ी घबराई हुई थी और मैंने कई गलतियां की। यह सुपर 300 स्तर पर मेरा पहला फाइनल था, मैं इसे लेकर संतुष्ट हूं।



## मेदवेदेव विंबलडन के पहले दौर में हुए उलटफेर का शिकार

**लंदन :** नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस का यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गया था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गये थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगी महिला टीम

**ब्रिस्टल, एजेंसी**

- नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी की उम्मीद
- स्मृति मंधाना के स्ट्रोक्स से इंग्लैंड के खेमे में चिंता की लकीरें

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।



हरमनप्रीत कौर।

**समय : रात 11:00 बजे से**

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉलफिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

# सचिन जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी।



उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98 . 48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं। उन्होंने कहा किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है। मसलन रोजर फेडरर इतनी गरिमा और लय के साथ खेलते हैं कि पता ही नहीं चलता कि वह इतना प्रयास कर रहे हैं। मैं अपने अभ्यास में वही उतारना चाहता हूं। यह पूछने पर कि वह किस क्रिकेटर की सुपरपावर भालाफेंक में उतारना चाहेंगे। चोपड़ा ने कहा सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने साल तक इतने शानदार तरीके से देश का प्रतिनिधित्व किया। इतने महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना करके भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा मैं वही सुपरपावर लेना चाहूंगा और वैसे ही खेलना चाहूंगा। इससे मुझे शांत रहकर चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

# मुक्केबाज ने लगाया महिला कोच पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



- बार-बार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण अवसाद में चली गई है जूनियर मुक्केबाज, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है।

इस से जुड़ी प्राथमिकी की प्रति होने के बावजूद 'पीटीआई-भाषा' आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत

मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया। दोनों संस्थाओं ने कहा कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। साइ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। साइ के क्षेत्रीय केंद्र (सोनीपत) ने इस बारे में 'पीटीआई' के सवाल पर कहा अभी तक हमें किसी प्राथमिकी की प्रति नहीं मिली है। एनबीए रोहतक की एक महिला मुक्केबाज ने 24 अप्रैल 2025 को ई-मेल कर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आयरलैंड में 25 मार्च 2025 से तीन अप्रैल 2025 तक आयोजित आमंत्रण मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान एक महिला कोच द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उस शिकायत में यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा, मामले की एक विस्तृत जांच की गई जिसमें शिकायतकर्ता, संबंधित कोच, सभी साथी कोच, वहां मौजूद कर्मचारियों और साथी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उन्होंने कहा साइ स्वच्छ खेल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राथमिकी के आधार पर किसी भी समय जांच के दौरान सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

### रोहतक पुलिस स्टेशन में एफआईआर में दर्ज पीड़िता का दर्द

रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसे 'बुरे चरित्र वाली' कहा, जिससे वह अलग-थलग पड़ गई। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351 (3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है।

## एक नजर

### बुजुर्ग पर्यटक से बलात्कार के आरोपी को जमानत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले की एक अदालत ने पहलगाम में 11 अप्रैल को 70 वर्षीय महिला पर्यटक से बलात्कार की घटना में आरोपी को जमानत देने से साफ इंकार कर दिया। अदालत ने इस घटना को नैतिक पतन का प्रतिबिंब बताया जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक अखंडता और पर्यटन स्थल के रूप में प्रतिष्ठा को खतरे में डालता है। महाराष्ट्र की वृद्ध पर्यटक पर एक होटल में हमला किया गया जब आरोपी ने उसके होटल के कमरे में घुसकर उसका मुंह बंद कर दिया और उसके साथ बलात्कार किया। उस समय उसके परिवार के सदस्य घर के बाहर थे। अदालत को बताया गया कि उसके साथ इतना क्रूर यौन उत्पीड़न किया गया कि वृद्ध महिला न तो बैठ पा रही थी और न ही हिल पा रही थी और कई दिनों तक दर्द में रही।

### कश्मीर में आतंकवादियों का गाइड पकड़ा गया

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पीओके के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

### मालवाहक जहाज में लगी आग, नौसेना ने पोत भेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने द्वीपीय देश पलाऊ के ध्वज वाले एक जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने के बाद मदद के लिए अपने स्टील्थ फ्रिगेट पोत को तैनात किया है। पलाऊ के इस संकटग्रस्त जहाज में भारतीय मूल के चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। यह जहाज गुजरात के कांडला से ओमान के शिनास जा रहा था। नौसेना के अनुसार, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने एमटी यी चेंग 6 की सहायता के लिए आए संदेश पर कार्रवाई की।

# असीम मुनीर के फिर जहरीले बोल कहा- कश्मीर में आतंकवाद जायज

## पड़ोसी देश फिर बेनकाब, सेना प्रमुख ने कहा- साथ देता रहेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी।

मुनीर ने शनिवार को कराची स्थित पाकिस्तान नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंकवाद कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है। मुनीर ने दावा किया, जिन लोगों ने कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने और समाधान के बजाय संघर्ष को खत्म करने की कोशिश की, उन्होंने अपने कृत्यों से इस आंदोलन को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हमेशा उसके अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारत सरकार के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो-केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास बढ़ गई।

### अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा बंद की

**पेशावर।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा (गुलाम खान) को अनिर्दिष्ट अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

### दक्षेस की जगह नया क्षेत्रीय संगठन बनाने में जुटे चीन-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि बैठक राजनीतिक नहीं थी।

# ब्रिक्स सम्मेलन में की जाएगी पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्राजील में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में समूह के नेताओं की ओर से जारी किए जाने वाले घोषणापत्र में भारत की उम्मीद के अनुरूप पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा और आतंकवाद का एकजुट होकर सामना करने के लिए दृढ़ रुख अपनाने का आह्वान शामिल होगा।

विदेश मंत्रालय में सचिव आर्थिक संबंध दम्मू रवि ने संवाददाताओं से कहा कि ब्रिक्स नेताओं के घोषणापत्र में आतंकवाद के संबंध में जो बातें कही जाएंगी, वे हमारे लिए संतोषजनक होंगी। प्रधानमंत्री मोदी रियो डी जेनेरियो में छह और सात जुलाई को आयोजित होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत अगले साल ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता करेगा। मोदी दो से नौ जुलाई तक पांच देशों की यात्रा के तहत ब्राजील पहुंचेंगे। वह घाना, त्रिनिदाद, टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया की भी यात्रा करेंगे। यात्रा का मकसद महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

### खाली पेट एंटी एजिंग दवाएं खाने से हुई अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत

**मुंबई।** अभिनेत्री शेफाली जरीवाला जवां बने रहने के लिए गोलियों सहित विभिन्न प्रकार की दवाएं ले रही थीं और संभवत: खाली पेट इन गोलियों का सेवन करने से उनका रक्तचाप गिर गया था। उनकी मौत की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों का यह कहना है।



कांटा लगा गर्ल से चर्चित शेफाली (42) को शुक्रवार रात 11:15 बजे उनके पति पराग त्यागी अंधेरी के बेलेव्यू अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी शुक्रवार रात एक बजे पुलिस को दी गई जिसने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को घर पर पूजा होने के कारण वह उपवास पर थीं और खाली पेट कई दवाइयां खाने से उनका रक्तचाप कम हो गया, जिसके कारण वह चक्कर खा कर गिर गईं। जरीवाला ने शुक्रवार दोपहर एक इंजेक्शन लिया था, जो संभवत: जवां बने रहने के लिए था, तथा रात में भी उन्होंने रोजाना ली जाने वाली दवाइयां ली थीं।

### गाजा : खाना मांगते लोगों पर गोलीबारी से 67 की मौत

**काहिरा।** इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा में कम से कम 67 लोगों को मार डाला। हवाई हमलों में समुद्र के किनारे स्थित एक कैफे में 30 लोग मारे गए और भोजन मांग रहे फलस्तीनी लोगों पर की गई गोलीबारी में 22 अन्य लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों, अस्पताल और स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

- राशन लेने आए लोगों पर फिर की गोलीबारी

गाजा शहर के अल-बका कैफे पर उस समय हवाई हमला हुआ, जब वहां महिलाओं-बच्चों की भीड़ थी। कैफे में मौजूद अली अबू अतीला ने कहा, बिना किसी चेतावनी के अचानक एक युद्धक विमान ने उस जगह हमला किया, जिससे वहां भूकंप जैसा कंपन हुआ। उत्तरी गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अवाद ने बताया कि 30 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

अवाद ने बताया, कई घायलों की हालत गंभीर है। शिफा अस्पताल के अनुसार दो अन्य हमलों में 15 लोग मारे गए। यह कैफे 20 महीने के युद्ध के दौरान चालू रहा था। यह इंटरनेट एक्सेस और अपने फोन चार्ज करने की जगह चाहने वाले निवासियों के लिए एक सभा स्थल था।

# ईरान जल्द ही फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन

- आईएईए प्रमुख ने जताई आशंका, कहा- अमेरिकी हमले में पूरी तरह नष्ट नहीं हुए परमाणु ठिकाने

**वियना, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने ईरानी परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है मगर वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं और इसी वजह से ईरान कुछ ही महीनों में यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ग्रॉसी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान की परमाणु परियोजना को दशकों पीछे धकेल दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि अमेरिकी हमलों में फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान परमाणु ठिकानों के सेंट्रीफ्यूज को काफी नुकसान पहुंचने से ईरान का परमाणु कार्यक्रम कई वर्षों के लिए टल गया है।

'फेस द नेशन विद मार्गरेट ब्रेनन' के साथ साक्षात्कार में उन्होंने अलग-अलग आकलन पर अपना रुख बताते हुए कहा, सामूहिक विनाश के हथियारों में यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। उनके पास जो क्षमताएं हैं, वे मौजूद हैं। आप जानते हैं कि वे कुछ ही महीनों में सेंट्रीफ्यूज के कुछ कैस्केड घुमाकर यूरेनियम संवर्धन कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि सब कुछ गायब हो गया है और अब वहां कुछ भी नहीं है। ग्रॉसी ने कहा कि निगरानी समूह की जांच में परमाणु हथियार कार्यक्रम का संकेत नहीं मिला, लेकिन यूरेनियम संवर्धन नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक है। ईरान की ओर से कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने से इनकार करने से स्थिति और जटिल हो गई है।

### अमेरिका ने ग्रॉसी का दावा बकवास बताया

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसा कि ग्रॉसी ने कुछ दिन पहले कहा था कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से पहले और बाद में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बीच का अंतर 'रात और दिन' जैसा है और उसे 'काफी नुकसान' हुआ है। उन्होंने कहा, "ईरान के पास कोई हवाई सुरक्षा नहीं है, इसलिए यह विचार कि, वे परमाणु हथियार कार्यक्रम फिर शुरू कर सकते हैं, बकवास है।

# भारत के साथ सीमा विवाद जटिल: चीन

- कहा- इसे सुलझाना कठिन पर जारी रखेंगे भारत से बातचीत

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ ही उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदम उठाकर जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें एलएसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है।

निंग ने कहा, चीन भारत के साथ सीमा के निर्धारण और प्रबंधन सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा सीमा पार आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। सकारात्मक पक्ष यह है कि दोनों देशों ने पहले ही गहन संवाद के लिए विभिन्न स्तर पर तंत्र स्थापित कर लिए हैं।




